विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 86 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 27 दिसम्बर 2024 डाक 28 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।


**देश-विदेश**
कोर्ट ने सौरभ शर्मा को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार, कहा-अपराध बहुत गंभीर


**फीचर**
बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए रजाई-कंबल को कैसे बनाएं नए जैसा


# पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी कहा- दलगत राजनीति से उठकर काम किया



- कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुकाया गया कांग्रेस ने सात दिनों के लिए कार्यक्रम रद्द किए
- देश के लिए मनमोहन सिंह की निष्ठा देती है प्रेरणा : मोदी
- सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी ने भी किए अंतिम दर्शन

**नईदिल्ली, 27 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तबीयत बिगड़ने के बाद गुरुवार शाम को उन्हें एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। रात करीब आठ बजे एम्स की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। हार्ट से संबंधित परेशानी के चलते 92 वर्षीय सिंह को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया था। जहां उनका इलाज किया जा रहा था, लेकिन बाद में उनके निधन की खबर सामने आई। गुरुवार रात 9 बजकर 51 मिनट पर मनमोहन सिंह ने अंतिम सांस ली। इससे पहले 13 अक्टूबर 2021 को मनमोहन सिंह बुखार की शिकायत के बाद दिल्ली एम्स में भर्ती कराए गए थे। उस दौरान उनका बुखार ठीक हो गया था, लेकिन बाद में उन्हें कमजोरी होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर पीएम मोदी ने कहा कि एक सांसद के तौर पर उनकी निष्ठा सभी के लिए प्रेरणा है। महत्वपूर्ण अवसरों पर वे व्हीलचेयर पर संसद आते थे और सांसद के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते थे। पीएम ने कहा कि मनमोहन सिंह ने हमेशा विभिन्न दलों के नेताओं के साथ अपने संबंध बनाए रखे और सभी के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। वहीं कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल और पार्टी के अन्य नेताओं ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

मनमोहन सिंह के निधन के बाद लालू यादव ने पूर्व पीएम के साथ अपनी यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे, वह मेरी बहुत तारीफ करते थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शाह के साथ जेपी नड्डा भी मौजूद हैं। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर हरियाणा के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शोक जताया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह बहुत ही योग्य व्यक्ति थे, वह आरबीआई गवर्नर, वित्त मंत्री और पीएम रहे। वह एक महान अर्थशास्त्री और ईमानदार व्यक्ति भी थे। देश को आर्थिक संकट से उबारने का श्रेय डॉ. मनमोहन सिंह को जाता है। वह देश को अच्छी स्थिति में छोड़कर गए हैं। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। वह एक विश्व हस्ती थे। मैं उन्हें अर्थव्यवस्था का आइंस्टीन कहूंगा, उनके योगदान को अमृतसर और पूरा देश याद रखेगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस का झंडा आधा झुका दिया गया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को कल यानी 28 दिसंबर को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड लाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाएगा।

मनमोहन सिंह के निधन पर देश में शोक की लहर है। विश्व के कई बड़े नेता भी पूर्व पीएम के निधन पर शोक जता चुके हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया टूर पर गई भारतीय क्रिकेट टीम भी काली पट्टी बांधकर श्रद्धांजलि दे रही है। पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेता सुशील शिंदे ने कहा कि मैं उनके निधन से बहुत दुखी हूं। पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। पूर्व पीएम के निधन के बाद महाराष्ट्र मंत्रालय में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया है।

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा, सदाचारी, बेदाग ईमानदारी वाले व्यक्ति, निर्णय लेने में मानवीय स्पर्श से सबसे ऊपर, डॉ. सिंह नए भारत के सच्चे निर्माताओं में से एक थे। कांग्रेस नेता वी. हनुमंत राव ने कहा कि मैंने डॉ. मनमोहन जी के साथ काम किया है, वे न केवल अपनी सरकार बल्कि विपक्ष से भी बात करते थे। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी क्षति है और खासकर राहुल गांधी के लिए। अमेरिकी राजनयिक और यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। केशप ने डॉ. सिंह को भारत और अमेरिका के बीच आधुनिक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माता के रूप में सराहा। मनमोहन सिंह के निधन पर शशि थरूर ने कहा कि डॉ. सिंह की टिप्पणी सच साबित हुई। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनमोहन सिंह ने 2014 में कहा था, मैं ईमानदारी से मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्षी दलों की तुलना में अधिक दयालु होगा और सिर्फ दस साल बाद, वह पहले से ही सही साबित हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर आज के सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं और 7 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मनमोहन सिंह के निधन पर कहा कि यह एक दर्दनाक स्थिति है। डॉ. मनमोहन सिंह कांग्रेस और देश के असली प्रतीक थे। आजादी के बाद के नायक थे। देश पर शासन करने की उनकी दूरदर्शिता और क्षमता को सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यक्रम सात दिनों के लिए रद्द कर दिए गए हैं, जिसमें 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस सहित 7 दिनों के लिए कांग्रेस के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

## तिरुमाला के राज्यपाल आरएन रवि ने तिरुपति बालाजी मंदिर का दौरा किया



**तिरूमाला, 27 दिसंम्बर।**

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने शुक्रवार को तिरुमाला में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अभिषेकम अनुष्ठान में भी भाग लिया, जो मुख्य रूप से पवित्र जल और दूध और चंदन सहित अन्य वस्तुओं की मदद से देवता को शुद्ध करने के बारे में है। तमिलनाडु के राज्यपाल ने बाद में रंगनायकुला मंडपम में पुजारियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने उन्हें पवित्र प्रसादम और तीर्थम भेंट किया। इससे पहले, तमिलनाडु के राज्यपाल रवि ने गुरुवार को 2004 की सुनामी की 20वीं वर्षगांठ पर पीड़ितों को पुष्पांजलि अर्पित की। चेन्नई, थूथुकुडी और तमिलनाडु के अन्य जिलों में मछुआरों और स्थानीय लोगों ने भी 2004 की सुनामी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। थूथुकुडी के थ्रेस पुरम बीच पर एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। संगुकुली मछुआरा संघ इसाकिमुथु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मछुआरों ने अपने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर और फूल छिड़क कर और समुद्र में दूध डालकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मछुआरों ने भाग लिया। करीब दो हफ्ते पहले, विशेष जांच दल (एसआईटी) की छह सदस्यीय टीम 14 दिसंबर को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भगवान श्री वेंकटेश्वर मंदिर में मंदिर की रसोई का निरीक्षण करने पहुंची थी।

## रिकॉर्ड से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं..., संजौली मस्जिद विवाद में नया मोड़, सरकारी जमीन होने का किया गया दावा

**शिमला, 27 दिसंम्बर [एजेंसी]।**



राजधानी शिमला के उपनगर संजौली के मस्जिद विवाद में अब नया मोड़ सामने आया है। देवभूमि संघर्ष समिति ने दावा कि है कि जिस जमीन पर मस्जिद बनाई गई है, राजस्व रिकॉर्ड में वह जमीन वक्फ बोर्ड की नहीं बल्कि प्रदेश सरकार की है। मस्जिद के भवन के निर्माण के बारे में संजौली मस्जिद कमेटी ने नक्शा भी जमा नहीं करवाया है। 2010 में जो नक्शा संजौली मस्जिद कमेटी ने जमा करवाया था, वह नक्शा तत्कालीन आयुक्त ने खारिज कर दिया था। इसके बाद कोई भी नक्शा जमा नहीं किया गया है।

ऐसे में पूरी संजौली मस्जिद अवैध है।शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजौली मस्जिद मामले में स्थानीय लोगों के अधिवक्ता जगतपाल ने बताया कि वक्फ बोर्ड को न्यायालय में मार्च तक राजस्व रिकॉर्ड पेश करना है। उन्होंने आशंका जताई कि रिकॉर्ड से राजस्व छेड़छाड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब तक के राजस्व रिकॉर्ड व जमाबंदी में जमीन का मालिकाना हक सरकार के पास है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम रद्द किया



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम रद्द किया। पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर छत्तीसगढ़ में राजकीय शोक को लेकर आदेश जारी हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जी अर्थशास्त्र के उन दिग्गजों में से एक थे, जो देश के वित्त मंत्री, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर और योजना आयोग के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों और शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## बाल-बाल बचे डब्ल्यूएचओ चीफ, विमान में सवार हो रहे थे तभी एयरपोर्ट पर हुई बमबारी, 2 क्रु मेंबर घायल



**नई दिल्ली।** यमन से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठनके डायरेक्टर-जनरल टेड्रोस एडनॉम, गुरुवार को यमन के सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इजरायल की एयरस्ट्राइक में बाल-बाल बच गए। इस हमले में करीब दो लोगों की मौत की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. टेड्रोस अपने संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूएचओ सहयोगियों के साथ एक फ्लाइट में सवार होने वाले थे और इसी वक्त हमला हो गया। इस दौरान फ्लाइट क्रु मेंबर्स चालक का एक सदस्य घायल हो गया। एक्स पर एक पोस्ट में, डब्ल्यूएचओ प्रमुख घेब्रेयसस ने कहा, संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत करने और यमन में स्वास्थ्य और मानवीय स्थिति का आकलन करने का हमारा मिशन आज समाप्त हो गया।

## बीजेपी नेता ने खुद को कोड़े से पीटा यौन उत्पीड़न मामले में अनोखा प्रदर्शन

**तमिलनाडू, 27 दिसंम्बर [एजेंसी]।**



तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय की एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में विपक्षी दलों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पहले कहा कि वह द्रमुक सरकार के हटने तक चप्पल नहीं पहनेंगे और नंगे पैर ही चलेंगे। इसके बाद आज उन्होंने न्याय की मांग करते हुए खुद को कोड़े से पीटा। आपको बता दें कि भाजपा ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्रविड़ मुनेत्र कषगम का पदाधिकारी है। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोपों को खारिज कर दिया है। इससे पहले अन्नामलाई ने आरोपी की द्रमुक नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाते हुए आरोप लगाया कि वह सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा का पदाधिकारी है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े होने के कारण अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने कोयंबटूर में संवाददाताओं से कहा कि चूंकि आरोपी द्रमुक से जुड़ा था, इसलिए पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। पुलिस के मुताबिक, 37 साल के आरोपी पहले से ही कम से कम 10 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी ज्ञानशेखरन ने पीड़िता को धमकाया था और कहा था कि जब भी वह उसे बुलाए उसे मिलने आना होगा।

## सौरभ शर्मा और उसके करीबियों के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित 6 ठिकानों पर ईडी का छापा



**भोपाल 27 दिसम्बर।** लोकायुक्त और आयकर विभाग के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने भी सौरभ और उसके करीबियों से जुड़े छह स्थानों पर भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में शुक्रवार सुबह छापेमारी की है। लोकायुक्त पुलिस द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर तीन दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय ने सौरभ के विरुद्ध प्रकरण कायम किया था। अब छापेमारी में ईडी की टीम संपत्ति और दस्तावेजों का परीक्षण कर रही है। भोपाल में सौरभ शर्मा के ई 7 स्थित आवास पर छापे की कार्रवाई चल रही है।

## नगरीय निकाय और पंचायत का चुनाव बैलट पेपर से होगा

**रायपुर।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत का चुनाव बैलट पेपर के जरिए होगा। 7 जनवरी के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ईवीएम मशीन की तैयारी में समय लग रहा था, जिसके मद्देनजर बैलट पेपर से चुनाव का निर्णय किया गया है। चुनाव आयोग तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव पर सरकार तैयारी कर रही है। नियमों में परिवर्तन हुआ है, आरक्षण की प्रक्रिया हो रही है। सरकार जल्द से जल्द चुनाव करने प्रतिबद्ध है। मंत्री अरुण साव ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया और महापौर के लिए 7 तारीख निर्धारित की है. जैसे ही आरक्षण की प्रक्रिया समाप्त होगी, चुनाव आयोग को उसको सूचना भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमने नई व्यवस्था की है, कई नियमों में परिवर्तन किया गया है। कानून में परिवर्तन कर हमने व्यवस्था की है।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर

प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## बस हादसे में तीन की मौत चार गंभीर रूप से घायल



**नॉर्वे।** उत्तरीय शहर हैडसेल में एक यात्री बस के झील में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी देश के स्थानीय अधिकारियों ने दी। झील में गिरने के समय इस बस में 50 से अधिक यात्री सफर कर रहे थे। दुर्घटना से पहले यह बस नार्विक से स्वोल्वेर जा रही थी। स्वोल्वेर जाते समय बस उत्तरी नॉर्वे के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लोफोटेन द्वीपसमूह के राफ्टसुंडेट के निकट होटल में पलट गई। आपातकालीन सेवाओं को घटनास्थल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। खराब मौसम की वजह से घटनास्थल पर पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर को ले जाने में भी समस्या हुई। नॉर्डलैंड पुलिस डिस्ट्रिक्ट के चीफ ऑफ स्टाफ बेंट एरे एलर्टसन ने इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, बस आंशिक रूप से पानी में डूबी हुई है। तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

आपातकालीन सेवाओं ने बस से सभी को निकाल लिया है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य को एक स्कूल सहित निकटवर्ती आश्रय स्थलों में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार यात्री आठ विभिन्न देशों से हैं, जिनमें नॉर्वे, भारत, चीन, सिंगापुर, मलेशिया, नीदरलैंड, फ्रांस और दक्षिण सूडान शामिल हैं।

# कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र कोरबा में वरिष्ठ नागरिकों हेतु लगाए गए वयवंदन शिविर का किया निरीक्षण

## वय वंदन आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे में वरिष्ठजनों को जानकारी देने दिए निर्देश





कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वंसत ने आज जिले में 70 साल व इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए जा रहे आयुष्मान वयवंदन कार्ड हेतु नगरीय क्षेंत्र कोरबा में लगाए गए षिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आषुतोष पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।
कलेक्टर ने षिविर स्थल के निकटतम क्षेत्रों में पात्र सभी हितग्राहियों को वयवंदन योजना से जोड़कर उनका आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्दष दिए। उन्होंने नगर पालिक निगम अंतर्गत कोसाबाड़ी जोन और जमनीपाली क्षेत्र के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में आयोजित षिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस कार्य में लगे कर्मचारियों को निर्देषित किया कि षिविर में आने वाले बुजुर्गो को वय वंदन योजना से मिलने वाले लाभ के विषय में पूरी जानकारी प्रदान करें और उन्हें बताएं कि उपचार के दौरान 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।इसी प्रकार निगम क्षेत्र के पोड़ीबहार, कोसाबाड़ी, रविषंकर षुक्ल नगर सहित अन्य वार्डो में भी 70 साल से अधिक उम्रदराज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वयवंदन कार्ड बनवाने हेतु षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में वरिष्ठ नागरिक पहुंचकर अपना वयवंदन योजना का कार्ड बनवा रहे हैं।

# नगरपालिका दीपका क्षेत्र में होगा अटल परिसर का निर्माण ,हुआ भूमि पूजन



कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका द्वारा बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के अवसर दीपका मैदान में अटल परिसर का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साहू ने की। दोनों नेताओं ने अटल जी के योगदान और उनके विचारों को स्मरण करते हुए अटल परिसर को नगर के विकास का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल जी की 100 वीं जयंती पर लोगों को की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक सांसद के नाते मुझे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के साथ काम करने का मौका मिला। वे उत्कृष्ट राजनेता के साथ-साथ कवि एवं साहित्यकार भी थे। उनकी भाषण शैली एवं अदा ऐसी थी कि सभी लोग बड़े चाव से उन्हें सुना करते थे। उन्होंने हमें पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर दिया। उनके आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ राज्य आज तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। देश में सड़कों का जाल एवं किसानों को क्रेडिट कार्ड की शुरूआत उनके नेतृत्व में और कार्यकाल में ही शुरू हुई।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनकी 100 वीं जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। राजनेता के साथ ही वे उच्च कोटि के कवि एवं साहित्यकार थे। भारत के वैभव और ताकत को उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बुलंदी तक बढ़ाया। विदेश मंत्री रहते हुए उन्होंने वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी में भाषण देकर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत की ताकत दिखाई। उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी जी वादे के पक्के थे। उन्होंने वर्ष 1999 में सप्रे शाला रायपुर में की गयी घोषणा को पूरा किया और तीन करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों को अलग राज्य और पृथक पहचान दिलाई।
श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार अटल जी के सपने को पूरा करने का काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार से इस काम में पूरी मदद मिल रही है।
कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष संतोषी दीवान, ज्योतिनंद दुबे , पार्षद अरुणीश तिवारी, अनुप यादव मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति जी , विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह , मंडल प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महिला योग शक्ति दिवस पर किया आयोजन

। भारतीय योग संस्थान ने 25/12/2024 को महिलाओ में योग के महत्व को अधिक से अधिक प्रसारित करने के उद्देश्य से महिला योग शक्ति दिवस का आयोजन किया। यह आयोजन स्थानीय संत कंवर राम उद्यान में किया गया जिसमें 70 से अधिक योग साधकों ने योग साधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ दीक्षा गर्ग एवं केंद्र के वरिष्ठ साधकों एवं केंद्र प्रमुख व शिक्षकों ने मां सरस्वती एवं भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया ।
श्रीमती पारूल सरकार द्वारा किया गया शंख नाद आकर्षण का केंद्र रहा । शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य हेतु योग साधना एवं प्राणायाम की साधना करवाई गई . श्रीमती किरण बोंदिया मीना बेरीवाल एकता अग्रवाल पिंकी पोद्दार दीपा अग्रवाल कंचन जायसवाल ने क्रमशः तिर्यक ताड़ासन






अश्वत्थान आसन तितली आसन कमर चक्रासन उष्ट्रासन सर्प आसन सेतुबध आसान उत्तानपादासन करवाया श्रीमती आभा अग्रवाल ने भस्त्रिका अनलोम विलोम और भ्रामरी प्राणायाम एवं अनीता प्रसाद ने ध्यान की साधना करवाई योग एवं ध्यान साधना के समय अत्यंत उर्जामय वातावरण रहा । साधक ध्यान सिंह परमार द्वारा कराए गए हास्यासन के दौरान तो पुरा उद्यान ठहाकों से गूंज उठा। कार्यक्रम में ताली योग नृत्य एवं योग आधारित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि डॉक्टर दीक्षा गर्ग ने रोगों के स्थाई निदान हेतु योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने को महत्वपूर्ण बताया. क्षेत्रीय प्रधान आभा अग्रवाल ने योग एवं प्राकृतिक उपचार के महत्व को बताया और नगर के प्रत्येक उद्यान में योग की निशुल्क कक्षाओं के संचालक को आवश्यक निरूपित करते हुए इसके लिए संकल्प दोहराया . संगठन मंत्री अंजलि केसरवानी ने उन्नत परिवार और समाज में महिला शक्ति के योगदान और स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया

## एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू हो : धनेश

कोरबा। जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अप्रैल 2024 के बाद किए गए अब तक के प्रयास के संबंध में जानकारी मांगी है। धनेश कुमार सिंह अधिवक्ता ने एक पत्र अध्यक्ष/सचिव, जिला अधिवक्ता संघ को लिखा है और कहा है कि वकीलों का काम जोखिम भरा है, पुलिस-प्रशासन के दबाव के बीच हमें व्यापक न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना होता हैं।



वहीं दूसरी तरफ अपराधियों से भी खतरा बना रहता है अप्रैल में ठीक आम चुनाव के पहले आप लोगों द्वारा रैली निकाल कर जिलाधीश महोदय को ज्ञापन दिया गया था किन्तु उसके बाद एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर न तो कोई ठोस कदम उठाए गए और न ही उस पर कोई चर्चा ही की गई।
जबकि राजस्थान राज्य में एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी ने इसके लिए टीम गठित कर दिया है। धनेश कुमार सिंह अधिक्ता ने संघ अध्यक्ष/सचिव से निवेदन किया है कि आप लोगों के द्वारा एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए यदि कोई ठोस कदम उठाए गए हैं तो कृपया अवगत कराएं तथा इसके लिए एकजुट होकर प्रवास करने का भी निवेदन किया ।

## अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में नववर्ष उत्सव के संबंध में बैठक हुई आयोजित

कोरबा । नए साल की पूर्व संध्या पर नववर्ष आगमन को लेकर कोरबा शहर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनाये जाने के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू. बी. एस. चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री विमल पाठक, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे, जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी एवं आबकारी, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी सहित विभिन्न होटल, कैफे, रिसोर्ट, रेस्टोरेन्ट के संचालक उपस्थित थे।
बैठक में नव वर्ष की पूर्व संध्या शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी होटल, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट संचालकों को उक्त दिवस पर किसी प्रकार की सार्वजनिक आयोजन हेतु समय पूर्व सूचना स्थानीय थाने एवं एसडीएम को देकर आयोजन की अनुमति समय पूर्व प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार किसी भी सार्वजनिक आयोजन के लिए आयोजकों को पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए कहा गया, जिससे किसी प्रकार से यातायात बाधित न हो। सभी प्रकार के सार्वजनिक आयेजन में आयोजकों को सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगाना अनिवार्य होगा, जिससे कार्यक्रम के दौरान असमाजिक तत्वों की पहचान सुनिश्चित की जा सकें । सभी सार्वजनिक आयोजनों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाये एवं विद्युत प्रवाह के सुरक्षित रहने का प्रमाण पत्र सीएसईबी से प्राप्त करने के लिए कहा गया। सार्वजनिक आयोजनों में जनरेटर के माध्यम से बिजली की वैकल्पित आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही गई।



## धरमपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

कोरबा । ग्राम धरमपुर में वीर श्रद्धांजलि क्रिकेट कप का शुभारंभ किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने क्रिकेट खेलकर कार्यक्रम की शुरुआत की। क्रिकेट कप में 30 टीम भाग लिए। विधायक प्रेमचंद पटेल ने बताया कि वीर श्रद्धांजलि क्रिकेट कप का शुभारंभ किया। वह बहुत ही सराहनीय कार्य है ।खेल प्रतियोगिता से बच्चों की शारीरिक क्षमता बढ़ेगी और खेल खेलने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। साथ ही बताया कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए ।इस शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद के सदस्य रघुराज सिंह उइके,मुकुल कर्ष,सांई मन्नू राठौर,वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा के सदस्य श्रवण यादव, रामेश्वर सोनी, अभिलाष, राघवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से की सौजन्य भेंट-मुलाकात

कोरबा । केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री भारत सरकार एवं सांसद, बिलासपुर तोखन साहू से 26 दिसंबर को एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने उनके बिलासपुर स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सीएमडी डॉ. मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में एसईसीएल के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने कोयलांचल के विकास के लिए एसईसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल-विकास आदि के क्षेत्र में चलाई जा रही सीएसआर परियोजनाओं एवं इनसे हो रहे लाभ के बारे में भी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में एसईसीएल के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

## ट्रेलर व मिनी टैंकर में भिड़त चालक घायल

कोरबा। पाली के भीमसेनिया जंगल से गुजरे मार्ग पर ट्रेलर और मिनी टैंकर के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों वाहन के चालक घायल हो गए। वहीं टैंकर के पलटने पर लोग डिब्बे-बाल्टी में डीजल भरकर ले गए।एसईसीएल की दीपका खदान से ट्रेलर में कोयला लेकर चालक बिलासपुर की ओर रवाना हुआ था। इस दौरान पाली थाना क्षेत्र में आने वाले भीमसेनिया जंगल से गुजरते समय करीब 8 बजे ट्रेलर से सामने दिशा से मिनी टैंकर आ गया। दोनों वाहन के बीच टक्कर हो गई।दुर्घटना में जहां ट्रेलर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया तो टैंकर सड़क से उतरकर पलट गया। घटना में दोनों वाहनों के चालक को चोट लगने से वे घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें पाली अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। दूसरी ओर घटना के बाद टैंकर से बह रहे डीजल को बटोरने के लिए लोग वहां पहुंचने लगे जो डिब्बे, बाल्टी सहित अन्य बर्तन में भर-भरकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां ग्रामीणों को टैंकर के पास से हटाया गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# महतारी वंदन योजना ने अन्नपूर्णा वर्मा के जीवन में लाया एक नया उजाला

## परिवार की खुशहाली में दे रही महत्वपूर्ण योगदान



कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना ने अन्नपूर्णा वर्मा जैसी अनेक महिलाओं के जीवन में एक नया उजाला लाया है। इस योजना के माध्यम से अन्नपूर्णा ने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से कदम बढ़ाते हुए अपने जीवन को एक नई दिशा दी है।
कोरबा नगरीय क्षेत्र के बुधवारी की रहने वाली अन्नपूर्णा को अपने घरेलू जरूरतों और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब योजना से मिली आर्थिक सहायता के कारण वह आत्मनिर्भर बनकर अपनी आवश्यकताओं एवं दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो गई है। साथ ही हर माह मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि से नियमित बचत कर अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए सकारात्मक बदलाव की ओर कदम बढ़ा रही हैं। जिससे उनके परिवार में खुशहाली और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।महतारी वंदन योजना ने हितग्राही अन्नपूर्णा वर्मा को आत्मविश्वास और साहस दिया, जिससे उन्होंने न केवल अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव किया, बल्कि अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से सशक्त बना दिया। अब वे अपने परिवार की खुशहाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## पीएम शहरी आवास योजना ने शोभाराम का पक्का घर बनाने का सपना किया पूरा

कोरबा । प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना ने शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पक्के आवास का सपना साकार किया है। इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्थायी घर मिल रहे हैं, जो उनकी जीवनशैली में एक स्थायित्व और सम्मान लेकर आते हैं। कोरबा नगरीय क्षेत्र के दादर ढेलवाडीह निवासी शोभाराम खड़िया, जो पहले अपने खपरैल एवं मिट्टी से बने घर में रहते थे, अब प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक पक्का और आरामदायक घर में चैन से अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही शोभाराम ने कभी सोचा नहीं था कि उनका परिवार कभी अपने सपनों का घर बना पाएगा, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव ला दिया। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सशक्त जीवन जी रहे हैं।हितग्राही शोभाराम ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से हमें जो पक्का आवास मिला है, वह मेरे परिवार के लिए एक सपना सच होने जैसा है। पहले हम कच्ची दीवारों और खपरैल से बने पुराने घर में जैसे-तैसे जीवन बिता रहे थे।

## जाबो कार्यक्रम के तहत प्रचार-प्रसार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराये जाने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान जागव-वोटर ''जाबो'' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अध्यादेष मे हुए संषोधन के द्वारा वर्तमान में महापौर/अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से होने के कारण नगरीय निकायों में प्रत्येक मतदाता द्वारा मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में दो मत डाले जायेंगे।

# रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया आचार संहिता के पूर्व पारदर्शीता के साथ पूर्ण करने का करें प्रयास : अजीत वसंत



कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज सभाकक्ष में महिला व बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती, मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार वितरण, सखी, बाल कल्याण समिति सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर प्रक्रियाधीन भर्ती की कार्यवाही चुनाव आचार संहिता के पूर्व पारदर्शिता के साथ पूर्ण कर लिया जाए ताकि विषेष कर ग्रामीण क्षेत्र में योजना का लाभ ग्रामीणों को प्राथमिकता से मिल सके। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त दावा आपत्तियों का यथाशीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। पोषण ट्रेकर एप्प में एंट्री कार्य की जानकारी लेते हुए उन्होंने पोर्टल में वास्तविक एंट्री करने की बात कही। इसके साथ ही ऐप में आधार, मोबाइल वेरिफिकेशन इंडिकेटर में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 43 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण के लिए शासन से राशि प्राप्त हुई है, जिसे तत्काल स्वीकृत कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिवर्ष दिसंबर माह में जर्जर आंगनवाड़ी भवनों का आंकलन करके सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित पोषण स्वास्थ्य दिवस एवं सुपोषण चौपाल सतत रूप से आयोजित कराया जाये तथा पोषण ट्रैकर ऐप में एंट्री करें। पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर्स में परफॉर्मेंस में सुधार लाएं तथा राज्य में टॉप 5 में जगह बनाने का प्रयास करें। कलेक्टर ने बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाने की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार चिप्स के ऑपरेटर्स के समन्वय कर समय सारणी बनाकर बच्चों का आधार कार्ड बनाएं। मिशन वात्सल्य अंतर्गत बालगृह में निवासरत बच्चों को वर्ष में एक बार - राज्य के भीतर और एक बार राज्य के बाहर भ्रमण कराने हेतु कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिले में वृद्धाश्रम संचालित है, ऐसे वृद्धजन जो वास्तव में निराश्रित हैं उन्हें समाज कल्याण विभाग के सहयोग से वृद्धाश्रम पहुंचाए।
कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण चक्र से बाहर निकालने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इस हेतु ऐसे बच्चों के घर घर जाकर माताओं को जागरूक करने के लिए कहा। साथ ही बच्चों को प्रदान किए जाने वाले अतिरिक्त पौष्टिक आहार को समय पर वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीडीपीओ व सुपरवाइजर को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने किशोरी बालिकाओ, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं को भी केंद्र के माध्यम से प्राथमिकता से लाभ पहुचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बाल संदर्भ शिविर के माध्यम से बच्चों का स्वास्थ्य जांच एवं उन्हें दवाइयां प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।
इसी तरह कलेक्टर ने जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की जा रही गतिविधि, बाल विवाह के रोकथाम के सम्बंध में की गई कार्यवाही, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, बाल गृह, बालिका गृह, खुला आश्रय गृह सहित अन्य विभागीग योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को समय समय पर इन संस्थाओं का निरीक्षण करने एवं नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती रेणू प्रकाश, सीडीपीओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# उपभोक्ताओं को दी गई अधिकारों की जानकारी

कोरबा । राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश अनुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा, नागरिक आपूर्ति विभाग कोरबा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में घंटाघर के ओपन थिएटर मैदान में उपभोक्ता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजन किया गया।
इस आयोजन में शासन के विभिन्न विभागों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला चिकित्सालय, खाद्य विभाग इंडियन गैस के द्वारा, आदिवासी विकास विभाग, महिला अधिवक्ता द्वारा विधिक सलाह, मध्यस्थ सुलह, आयुर्वेद विभाग, नापतोल विभाग, चौपाटी संघ परिवार द्वारा स्टाल लगाकर आम जनता को विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। उपभोक्ता दिवस के अवसर पर राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर द्वारा ई-जागृति एप का शुभारंभ किया गया वह ऑनलाइन डिजिटल समस्या और ई-फाइलिंग के संबंध में उपभोक्ता अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्री मनजीत जांगड़े, जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष श्री रंजन दत्ता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के खाद्य निरीक्षक पारस सोलंकी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मनीष शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अशोक तिवारी, जिला चिकित्सालय से डॉक्टर रात्रे, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव नूतन ठाकुर व चौपाटी संघ परिवार के अध्यक्ष कमलेश जोशी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों ने सभा को संबोधित कर उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल संचालन हेतु विभाग प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य ममता दास के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

## अब अध्यक्ष पद के आरक्षण का फैसला 7 को

**जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल जुट गए हैं। सभी को 27 दिसंबर को होने वाले आरक्षण का इंतजार था, मगर गुरुवार की देर शाम फिर से संशोधन कर 7 जनवरी तक टाल दिया गया।

जिला जांजगीर-चाम्पा की 3 नगर पालिका और 8 नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण 7 जनवरी तय होगा। नगर पालिका जांजगीर-नैला, चांपा, अकलतरा, नगर पंचायत शिवरीनारायण, सारागांव, राहौद, नरियरा, पामगढ़ नवागढ़, खरौद व बलौदा शामिल हैं। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों सहित लोगों में नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों के पदों के आरक्षण को लेकर कयासों का दौर तेज हो गया है। हर कोई अपने-अपने हिसाब से अनुमान लगा रहे हैं। निकाय चुनाव के लिए आरक्षण के पदों पर सबसे ज्यादा निगाहें राजनीतिक पार्टियों के दावेदारों की टिकी हुई है। नगर पालिका जांजगीर, चांपा व अकलतरा नगर की बात करें तो भाजपा कांग्रेस के दिग्गज पार्षदों के वार्ड ही आरक्षण की भेंट चढ़ चुका है। इसमें कई दिग्गज पार्षदों का वार्डों आरक्षण की भेंट चढ़ चुका है। ऐसे में अब वे अध्यक्ष की दावेदारी ठोकने का मन बनाया है।

# किसान पैरा को खेतों में ना जलाएं इसे गौशाला या गौठानों में दान करें: नायक

**जांजगीर चांपा।** वर्तमान समय में मवेशियों की हालात अत्यंत दयनीय है जहां लोग गायों का पालन कम कर दिए हैं ऐसी स्थिति में इन मवेशियों के सामने चारा की समस्या उत्पन्न होने लगी है इसको देखते हुए जिले के पत्रकार सीताराम नायक ने किसानों एवं आम नागरिकों से खेतों में पलारी नहीं जलाने का अनुरोध किया है साथ ही साथ उन्होंने कहा है कि किसान धान की उपज लेने के बाद पैरा को खेतों में जलाने की बजाय किसी गौठान या गौशाला में इसे दान कर दें, जिससे पैरा (पलारी) का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही मवेशियों को समय पर चार मिल जाएगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध कर कहा है कि गौ पालन को एक पुण्य कार्य माना जाता है जिसके कारण



लोग पहले गौ माता का पालन करते रहे हैं किंतु वर्तमान में इस कार्य में कमी देखने को मिल रही है वहीं गाय एवं बैल की उपयोगिता भी मानव जीवन में कम होने लगा है जिसके कारण लोग गौ सेवा कम कर रहे हैं। नतीजा यह है कि मवेशियों के सामने चारा का संकट उत्पन्न होने लगा है। इसलिए इन प्राणियों की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा के क्षेत्र में ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेतों में पलारी जला देने से यह किसी काम का नहीं होता है बल्कि खेतों की उपजाऊ काम हो जाती है और पलारी जल कर राख बनकर उड़ जाती है। अगर उक्त पलारी(पैरा )को किसी गौशाला या गौठानो में डाल दिया जाता है तो आने वाले समय में इन गाय,भैंसों के लिए चार सुनिश्चित हो जाएगा। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को पहल करने की जरूरत है। पत्रकार सीताराम नायक ने कहा है कि राज्य शासन को भी इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है जिसे शासन की योजना में शामिल करते हुए प्रत्येक किसने की धान खरीदी करने के साथ-साथ उसकी पलारी का भी उपयोगिता के संदर्भ में ठोस रणनीति बनाये, ताकि किसानों को उनके उपज के साथ-साथ पलारी का भी हल मिल सके। प्रत्येक किसानों को चाहिए कि गौठान एवं गौशाला दान कर तथा अपने बाड़ी में एकत्र कर मवेशियों के उपयोग के लिए रखना चहिए। उन्होंने कहा कि पैरा को जला देने से पर्यावरण प्रदूषण तो होता ही है साथ ही साथ खेतों में एवं उसके दीवार में उत्पन्न होने वाले छोटे-छोटे पेड़ पौधे भी इसे जलकर नष्ट हो जाते हैं जिसके कारण नए पेड़ पौधे नहीं उग पाते,जिसका असर पर्यावरण को संरक्षित करने पर पड़ता है जिसके लिए प्रत्येक नागरिकों को गौर करने की जरूरत है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से रेपःपुलिस ने सहयोगी को रायपुर से पकड़ा, मुख्य आरोपी फरार

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर घर ले जाकर किया नाबालिग से दुष्कर्म किया। मुख्य आरोपी फरार है, वहीं एक सहयोगी रामविश्वास सोनकर को पामगढ़ पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है।

नाबालिग के परिजनों ने पामगढ़ थाने में FIR दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि मुख्य आरोपी से फोन पर बात हुई थी। आरोपी और सहयोगी रामविश्वास सोनकर 28 अक्टूबर 2024 को उसके घर पहुंचे थे। शादी का झांसा देकर मुख्य आरोपी उसे अपने साथ घर ले गया और रेप किया।एसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। अपराध दर्ज होने के बाद सभी फरार चल रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि सहयोगी रामविश्वास सोनकर रायपुर में छिपा हुआ है।पुलिस टीम रायपुर पहुंची और आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर में पहली बार हुआ खेल का आयोजन

**जांजगीर।** जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर में पहली बार हो रहा वार्षिक खेल कूद का आयोजन इस वर्ष नवीन निवार्चित अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए विभिन्न प्रकार के खेल कूद का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज आज शुभारंभ जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी एवं सचिव योगेश गोपाल, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव अनिल राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक राठौर, सह सचिव इंद्रजीत राठौर, कार्यकारणी सदस्य चेतन कौशल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस खेल आयोजन में कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, व कुर्सी दौड़ को शामिल किया गया है यह प्रतियोगिता 26 से 28दिसंबर तक जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कक्ष एवं तुलसी बैडमिंटन हाल में आयोजित किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है इस प्रतियोगिता को सभी संघ के सदस्यों द्वारा सहयोग किया जा रहा है आज हुए विभिन्न आयोजन में प्रतिभागी अधिवक्ताओं के साथ सभी दयाराम राठौर, जी के गुजराल, रेवती रमण तिवारी लिलेश्वर रत्नाकर, विकाश अग्रवाल, राजेश पांडेय, आनंद राठौर, सनत पटेल, परमेश्वर, सूरज गोस्वामी खिलेश साहू, सन्तोष साहू, मनोज मिश्रा, विद्या राठौर, शकुंतला डहरिया, नारायण राठौर, विनीत राठौर, रामखिलावन सहित जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रबी फसल के लिए अब बांयी तट में भी छूटेगी पानी की धार

**जांजगीर-चांपा।** रबी फसल के लिए अब हसदेव बांगो बांयी तट की नहरों में भी कसानों को पानी मिलेगा। किसानों की मांग पर जल उपयोगिता मिति में ये फैसला लिया गया है। बांयी तट नहर में 5 जनवरी से नी छोड़ा जाएगा। पहले केवल दांबी तट नहर में 1 जनवरी से नी देने का निर्णय हुआ था। इस तरह अब जांजगीर चाम्पा जिले आलावा सक्ती जिले में भी किसान नहर के पानी से रबी मल लेंगे।

अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले में हसदेव बांगो नहर से करीबन 10 प्रतिशत रकबे की सिंचाई होती है। जांजगीर चाम्पा ।सक्ती जिले में किसान नहर की मदद से अच्छी खेती करते खरीफ में धान की फसल लेने के आलावा रबी में गेहूं के साथ दलहन तिलहन की खेती की जाती है। इस साल बारिश भी ही हुई है, जिसके कारण हसदेव बांगो बांध का जल भराव भी बता से 73 फीसदी अधिक है। ऐसे में किसानों ने रबी फसल के र नहर से पानी की मांग की थी। माहभर पहले हुई जिला जल योगिता समिति की बैठक में 1 जनवरी से दांयी तट नहर में बांयी तट के नहरों की हालत खराब हो चुकी है। इस क्षेत्र में नहरों के मरम्मत की जरूरत है। मरम्मत के अभाव में टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच पाता। यही वजह है कि इन नहरों के मरम्मत कार्य के लिए पानी नहीं छोड़ने की योजना बनाई गई थी। जल्द ही मरम्मत का कार्य भी शुरू किया जाना था, लेकिन किसानों की मांग को देखते हुए मरम्मत कार्य को टाल कर पानी छोड़ने का फैसला लिया गया। पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया था। दांयी तट में जांजगीर, नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़ क्षेत्र में पानी दिया जाना था। लेकिन बांयी तट नहर में पानी देने को लेकर फैसला नहीं हुआ था। ऐसे में बम्हनीडीह, बिर्रा, जैजैपुर समेत अन्य क्षेत्र के किसानों द्वारा बांयी तट में भी पानी देने की मांग की जा रही थी। जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया के नेतृत्व में किसानों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। गुरुवार 26 दिसंबर को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक बुलाई गई। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के साथ बड़ी संख्या में किसान कलेक्टरेट पहुंचे और नहर में पानी देने की मांग की। किसानों को मांग को देखते हुए बांयी तट नहर में भी 5 जनवरी से पानी छोड़ने का फैसला लिया गया। किसान अब अपनी सुविधा के अनुसार ग्रीष्मकालीन फसल लगा सकते है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह ने बताया कि समिति में विचार विमर्श के बाद रबी फसल के लिये हसदेव दांयी तट नहर एवं उसके नहर प्रणालियों में 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक एवं हसदेव बायीं तट नहर प्रणाली में 5 जनवरी से 25 अप्रैल तक रबी फसल हेतु पानी देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही इस अवधि में ही निस्तारी तालाबों को भरा जाना भी प्रस्तावित है।

## भाकपा नेताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**चाम्पा।** दिनांक 26 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 100 वाँ स्थपना दिवस समारोह जिला कार्यालय कामरेड मुकेश वोहरा भवन भोजपुर चाम्पा में हर्षोल्लास से मनाया गया। पार्टी कार्यालय को तोरण और झंड़ों से सजाया गया।

वरिष्ठ कामरेड संतूदास महंत पार्टी का ध्वज हंसियाँ हथैड़ा चिन्ह वाले झंडे का ध्वजारोहन कर क्रांतिकारी लाल सलाम पेश किया। उपस्थित सभी साथीयों ने कामरेड कार्लमार्क्स, कामरेड लेनीन, कामरेड फेडरिक एंगेल्स को पुष्पांजलि अर्पित कर गगन चुम्बी क्रांतिकारी नारे लगाये गये। स्थपना दिवस पर महिलाओं की संख्या सम्मानजनक रही, काफी संख्या में सम्मानीय वरिष्ठ बुद्धिजीवी साथीयों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना से आजतक की गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। कामरेड संतुदास महंत, कामरेड सत्यनारायण कमलेश, कामरेड मुकेश वोहरा, कामरेड बसंत कुमार साहू कामरेड केराराम मन्नेवार, कामरेड बजरंग पटेल, कामरेड राजकमार कौशिक, कामरेड बिहारीलाल कर्ष, कामरेड पुरन्दन साहू, कामरेड बालाजी साहू, कामरेड सरजू साहू, कामरेड डॉ. एच. आर. साहू, कामरेड देवेन्द्र खांडेकर ने समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर सम्मानीय महिला कामरेड परवीन वोहरा, कामरेड रुथ तरन्नुम कमलेश, कामरेड सुनीता महंत, कामरेड घसनीन बाई महंत, कामरेड सरस्वती नेताम, कामरेड पूनम शर्मा, दिपांजलि कमलेश, रीना सिंह, नंदिता, औषधि, कामरेड स्वाति कर्ष, कामरेड देविका महंत, ने सक्रीय सहयोग देकर पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रही। कामरेड विजय नेताम, कामरेड कैलाश चंद्र पटेल, कामरेड कृष्णा कमलेश, कामरेड थीनर कमलेश एवं कामरेड परिवार के नन्ने-मुन्ने बच्चों ने भी पार्टी के शताब्दि समारोह को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पार्षद ने स्कूल एवं सामुदायिक भवन में वाटर कूलर का किया वितरण

**चांपा।** नगर पालिका परिषद के गुरुनानक वार्ड के पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर एवं मोनोनाइट सामुदायिक भवन चांपा में पार्षद निधि से दो नगं वाटर कूलर का वितरण किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासकीय स्कूल भोजपुर में कक्षा पहली से बारहवी तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। इसको ध्यान में रखकर वाटर कूलर प्रदान किया है और मनोनाइट सामुदायिक भवन में हर तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं, उन्हें भी पेयजल की सुविधा प्राप्त हो और मुझे उम्मीद है कि इसका उचित रखरखाव करते हुए बेहतर उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य नवनीत पटेल, पूर्व प्राचार्य रत्नप्रभा केशरवानी ने पार्षद नागेंद्र गुप्ता की कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमेशा से ही इनका सहयोग प्राप्त होते रहता है। कार्यक्रम में पार्षद डुग्गू प्रधान, विधायक प्रतिनिधि कन्यास्कूल राजेंद्र टेकु देवांगन, मर्सी फ्रेंकलिन, आशीष सिंह, विनोद देवांगन, उदित नारायण, पुष्प लता कौशिक, शतरूपा चौहान सहित छात्र-छात्राएं, पास्टर डी कुमार, प्रणव बासियार, सुयश अजय मसीह, आनंद मसीह, जोगेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## मिशन मेलाः भीड़ को देखते हुए वाहनों का बदला रास्ता

**मालखरौदा।** खीस्त जयंती पर मिशन चौक मालखरौदा पर मिशन मेला लगाया गया है। यह मेला 31 दिसंबर तक लगेगा। मेला में लोगों की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात संतुलन के लिए मुख्य मार्ग पोता मालखरौदा कलमी छोटे सीपत में भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। उक्त मार्ग के स्थान पर रूट डायवर्ट कर पोता नहर पार से छोटे सीपत के लिए मार्ग का परिवर्तन किया है। मेला स्थल से होकर जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित करने पर लोगों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि मेला स्थल में हर रोज हजारों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष बच्चे मेला देखने के लिए आते हैं।

## जाजवल्य देव चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का सांसद ने किया उद्घाटन

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के मेजर ध्यानचंद हाकी मैदान में जाजवल्य देव चैंपियंस ट्रॉफी 7 ए साईड का उद्घाटन सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जांजगीर चांपा जिला ने हॉकी के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में अपनी विशेष पहाचन बनाई है। यहां इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीम में भाग ले रही हैं। यह इस बात का परिचायक है कि यहां से हाकी की नर्सरी प्रतिभागी निकल रही है। साथ ही जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर रहे हैं।



इस मैदान पर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र के लिए 10 लाख रुपए की मांग हॉकी संघ ने की है, जिसे आने वाले समय पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि हॉकी खेल में जांजगीर चांपा जिला का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट व बेहतर प्रदर्शन के लिए जांजगीर चांपा जिला को हॉकी के गढ़ के रूप में जाना एवं पहचाना जाता है। आने वाले समय में जिला हॉकी संघ की मांग को ध्यान में रखकर इसे पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। इसके पूर्व स्वागत भाषण में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने कहा कि मेजर ध्यान चंद हाकी मैदान में नर्सरी के खिलाड़ीयों के प्रशिक्षण केंद्र के लिए 10 लाख रुपए की आवश्यकता है जिसके लिए उन्होंने सांसद से मांग किया। उद्घाटन का प्रथम

मैच ध्यानचंद हॉकी अकादमी मध्य 7 स्टार के मध्य खेला गया। इस मैच में 7 स्टार ने तीन एक से विजय प्राप्त किया, जिसके मैन ऑफ द मैच राज कटकवार रहे। दूसरा मैच जांजगीर चैलेंजर और जांजगीर किंग्स के मध्य खेला गया जो दो दो से ड्रॉ रहा, जिसमें मैन ऑफ द मैच सुनील साहू को मिला। मैच के अंपायर रहे चंद्रजीत सोनवान व पुष्पेंद्र गढ़वाल थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव तथा आभार प्रदर्शन जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष अजीत गढ़वाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण झाझरिया, धर्मेंद्र शर्मा, इंजी रवि पांडे, राजीव सिंह ठाकुर, राकेश गढ़वाल, गुलाब घर दीवान, विवेका गोपाल, दीपक साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पार्षद हितेश यादव, पार्षद देव गढ़वाल, पार्षद उमेश राठौर पार्षद उर्मिला निर्मलकर, पार्षद दुलौरिन चौरसिया, पार्षद अमित यादव, पूर्व पार्षद रेखा गढ़वाल, संतोषी दुबे, नंदिनी राजवाड़े, उमा सोनी, प्रेमलता कौशिक, डॉक्टर धनेश्वरी जागृति, संतोषी साहू, संजना साहू, रुखसार कमल, खुशबू साहू, पूर्व पार्षद अजीत गढ़वाल, पूर्व पार्षद प्रदीप सोनी, मोती लाल डहरिया, राकेश रूपवानी, पुष्पेंद्र निर्मलकर, ठाकुर शिव चमन सिंह, हरदेव टंडन, सुमित सोनवान, सुशील सिंह, सतीश शर्मा, योगेश चौरसिया, प्रदीप राठौर, अमरनाथ बर्मन, रितेश मोनू अग्रवाल, पुनिराम कहरा,[ अजय कौशिक, गजानंद गज्जू ध्रुव, उमाशंकर चंद्रेश, सूरज खरे, सोमदेव पं खरे, बादल गढ़वाल और हॉकी खेल प्रेमी न अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद ने वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. %अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसंबर को पूरे सक्ती जिले में सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि नगर पालिका परिषद सक्ती में उपस्थित होकर तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका सक्ती सहित अन्य नगरीय निकाय में अटल परिसर निर्माण कार्य का वर्चुअली भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े के विशिष्ट आतिथ्य में नगर पंचायत बाराद्वार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सुशासन की शपथ भी दिलाई। जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन% तथा सभी जनपद पंचायतों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विविध कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े ने कहा कि नगर पंचायत बाराद्वार में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी अपने पते पर राज्य का नाम छत्तीसगढ़ लिखते है, यह भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है, सांसद जांगड़े ने स्व. अटल के विचारों और सिद्धांतो को बताते हुए उन्हें आत्मसात करने कहा तथा देश और प्रदेश के विकास में उनके विचारों के महत्व को बताया। सांसद ने अटल बिहारी अमर रहे, वन्दे मातरम्, भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय के नारे भी लगवाए।

## पुरातात्विक मूर्तियों की प्लास्टर कास्टिंग कार्यशाला महाविद्यालय में आयोजित

**पामगढ़।** चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय में पुरातत्व एवं अभिलेखागार निदेशालय छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के प्रायोजकत्व में पुरातात्विक मूर्तियों की प्लास्टर कास्टिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्लास्टर कास्टिंग में व्यावहारिक कौशल विकसित करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके गुप्ता एवं महाविद्यालय के संचालक वीरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों के कौशल को बढ़ाने और भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी समझ विकसित करने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।



## नागलीला महोत्सव में संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**देवरी-चांपा।** नगर में आयोजित राधा कृष्ण नाटक मंडली द्वारा नागलीला महोत्सव का आयोजन गौटिया चौक में किया गया। इस अवसर पर गायक नितिन दुबे की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। नितिन दुबे ने छत्तीसगढ़ी देवी जसगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। नगर के शंकर बन्द तालाब में नागलीला का भव्य झांकी दिखाई गई। नाव में श्री कृष्ण की जीवंत झांकी को पूरे तालाब में सुसज्जित नाव से भ्रमण कराया। जिसे देखने नगर वासी सहित आसपास गांव के लोगो की भीड़ जुटी।

**कार्यालय कलेक्टर जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**-:: अंतर्गत धारा 93 अधिसूचना ::-**

क्रमांक/13643 A/भू-अर्जन/2024/ कोरबा, दिनांक 24.09.2024

उपर्युक्त भू-अर्जन प्रकरण में कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन, संभाग कोरबा द्वारा ग्राम सरईसिंगार, प.ह.न. 60, रा.नि.मं. बिरदा, तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) की निजी भूमि कुल रकबा 0.092 हे. गंगदेई व्यपवर्तन योजना के शाखा नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन प्रस्ताव के आधार भू-अर्जन अधिनियम के तहत् धारा 11 (1) की अधिसूचना तथा धारा 19की अधिसूचना का प्रकाशन प्रावधानों के अनुसार किया जाकर छत्तीसगढ़ के राजपत्र में क्रमशः 11/03/2022 तथा दिनांक 07/10/2022 को कराया गया है।

चूंकि अब कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोरबा के द्वारा भू-अर्जन की कार्यवाही हेतु सम्मिलित उक्त भूमि से कुल ख.न. 01, रकबा 0.081 हे. भूमि गंगदेई व्यपवर्तन योजना के शाखा नहर निर्माण में प्रभावित नहीं होने के फलस्वरूप भू-अर्जन की कार्यवाही से मुक्त करने के अनुरोध पर भू-अर्जन अधिनियम की धारा 93(1) के अनुसार प्रत्याहरण किया जाता है

(1) प्रत्याहरण हेतु भूमि का विवरण :-
ग्राम सरईसिंगार, प.ह.न. 60, तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

| क्रमांक | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|
| 1 | 377/4 | 0.081 |
| योग :- | 1 | 0.081 हे. |

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अजीत वसंत)
कलेक्टर, जिला कोरबा
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी/24250486 1/2

## करोड़ों के गबन के आरोप में बीआरसी को किया निलंबित

**सक्ति।** करोड़ों रुपए गबन के आरोप में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर ने सविता त्रिवेदी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मूल पद प्रधान पाठक विकासखंड मालखरौदा को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर सक्ती ने आर्थिक अनियमितता के आरोप में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सविता त्रिवेदी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की थी। जिसमें कलेक्टर के पत्र 12 दिसंबर 2024 के अनुसार सविता त्रिवेदी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मूल पद प्रधान पाठक विकासखंड मालखरौदा के विरूद्ध करोड़ों रुपए का गबन आर्थिक अनियमितता किए जाने संबंधी शिकायत में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने के कारण उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा कलेक्टर द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर में प्रस्तुत की गई थी। जिस पर सविता त्रिवेदी का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर से प्राप्त प्रस्ताव एवं सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील 1965 के नियम 20 तथा 21 के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शासकीय सेवक को निलंबित करने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की शक्ति के तहत कलेक्टर ने यह कार्रवाई की है।

### बिलासपुर में धान के उठाव में तेजी का दावा

## अब तक 3.30 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव, प्रदेश में चौथा नंबर

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में मिलिंग के लिए धान का उठाव पिछले पखवाड़े तक धीमी गति से चल रहा था और बमुश्किल 30 हजार क्विंटल धान का उठाव हो पाया था। कलेक्टर अवनीश शरण के मुताबिक हफ्ते भर में उठाव में तेजी आई है और अब खरीदी केंद्र से राइस मिलर सीधे उठाव करने लगे हैं।

कलेक्टर ने दावा किया कि धान के उठाव के मामले में बिलासपुर जिला पूरे छत्तीसगढ़ में चौथे नंबर पर है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले में 3.30



लाख मीट्रिक टन का उठाव हो चुका है, जो कि अनुमानित लक्ष्य का 33 फीसदी है।बता दें कि राज्य के मिलर धान के उठाव में सिर्फ इसलिए दिलचस्पी नहीं ले रहे थे, क्योंकि उन्हें मिलिंग के मुताबिक लागत नहीं मिल रही थी। जैसे ही राइस मिलरों के मिलिंग की लागत बढ़ाई गई, उठाव में तेजी आने लगी।राइस मिलरों के यहां प्रशासन की छापामार कार्रवाई और जिले की तीन राइस मिलरों को सील किए जाने के बाद राइस मिलरों ने खुद ही धान का उठाव करने का पत्र कलेक्टर को दिया। जिले में 140 सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। प्रशासन ने इस बार जिले में 7.80 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा है।

## अनमोल वचन......

हर एक नया दिन आपके जीवन का एक दूसरा अवसर है ।

# सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए

पिकेटी का सुझाव है कि भारत को जीडीपी-टैक्स अनुपात में सुधार कर अतिरिक्त संसाधन इकट्ठा करना चाहिए। उसका निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है। बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी पर राजधानी में एक गंभीर चर्चा हुई। इसमें दो नजरिए उभर कर सामने आए। एक नजरिये की नुमानंदगी भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने की।उन्होंने कहा कि न्यायपूर्ण आर्थिक विकास को मापने का पैमाना आमदनी की गैर-बराबरी कम करना नहीं, बल्कि गरीबी घटाना है। उन्होंने दावा किया कि पूंजी पर टैक्स लगाने से निवेश नहीं बढ़ेगा, बल्कि पूंजी का पलायन शुरू हो जाएगा। उनका यह दावा भी दिलचस्प है कि समानता थोपने से सूक्ष्म एवं लघु व्यापार को अधिक क्षति पहुंचती है।ऐसी कोशिश को नागेश्वरन ने सीमा लगाने का अत्याचार बताया और कहा कि ऐसा करने पर छोटे कारोबारी छोटे ही रह जाएंगे। गैर-बराबरी, आर्थिक वृद्धि एवं समावेशन' विषय पर हुई इस चर्चा में दूसरा पक्ष विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी रख चुके थे।पिकेटी ने अपनी चिर-परिचित राय रखी कि भारत को जरूरत जीडीपी-टैक्स अनुपात को सुधारने की है।उनका सुझाव है कि भारत को सबसे धनी एक फीसदी लोगों पर दो फीसदी धन कर लगाना चाहिए जाए और आय कर व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए।इससे इकट्ठा अतिरिक्त संसाधनों का निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है। मगर नागेश्वरन की बात से साफ है कि भारत सरकार इस नजरिए से बिल्कुल सहमत नहीं है।बहरहाल, चूंकि उन्होंने न्यायपूर्ण विकास को मापने का पैमाना गरीबों की संख्या में गिरावट को बताया, तो यह मुद्दा उठेगा कि आखिर गरीबी को मापने की कसौटी क्या हो। भारत सरकार ने सामान्यतः मान्य कसौटियों को ताक पर रखते हुए जो पैमाना अपनाया है, उसे इस क्षेत्र के विशेषज्ञ स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।सबसे पहले तो सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए हैं। उसे ठीक करने की जरूरत है। फिर बेहतर होगा, सरकार प्रति दिन प्रति व्यक्ति कैलोरी की उपलब्धता के पुराने पैमाने को आधार बनाए। उस पर देखा जाए, तो असल में गरीबों की संख्या बढ़ी है। फिर भी क्या नागेश्वरन कहने की स्थिति में हैं कि जिस सरकार के वे सलाहकार हैं, उसकी नीतियों से गरीबी में ह्रास हुआ है।

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज आपके व्यापार में लाभ बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा । विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी । बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। हर काम मन लगाकर करने से आपको फायदा होगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर पर अपना कुछ समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आप परिवार के किसी काम में व्यस्त हो सकते हैं। छोटे उद्यमियों के लिये दिन ठीक रहेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी । बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे ।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की दौड़ भाग भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा । आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

मीन राशिः आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी।

# बेहद संवेदनशील संदेश देती है गर्ल्स विल बी गर्ल्स

//पंकज दुबे//

**किशोरवय के बच्चों की ज़िंदगी में इंफ़ेच्युएशन' और लव' के बीच के फ़र्क़ को समझने और उसे मैच्युरिटी से संभालने की दिशा में अपने इकोसिस्टम से सीखते समझते किरदारों की कहानी पर आधारित है गर्ल्स विल बी गर्ल्स । यह एक एक बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली फ़िल्म है, जो मां-बेटी के जटिल और गहराई से भरे रिश्ते पर आधारित है। हिंदुस्तानी समाज में सेक्स शब्द किसी टैबू से कम नहीं है। इस शब्द के किसी पब्लिक प्लेस या फिर घर की गैदरिंग में भी उच्चारण मात्र से ऐसा लगता है जैसे कोई बम फट जाता हो। ज़्यादातर लोग सेक्स के बारे में दबी ज़ुबान से फुसफुसाते भर हैं, वो भी क्लोज़्ड सर्कल में। ज़ाहिर है सेक्स एजुकेशन को लेकर कोई विचार विमर्श भी ठीक तरह से नहीं हो पाता है क्योंकि उसमें भी सेक्स शब्द विद्यमान है।**

हमलोग ऐसे समाज में हैं जहां केमिस्ट के पास कंडोम या सैनिटरी पैड्स ख़रीद कर लेने पर उसे पुराने अख़बार या काली पॉलीथिन में छुपा कर, पैक करके देने की संस्कृति है। दिलचस्प है कि एक ही समय काल में, एक ही देश के अलग अलग हिस्सों में, समाज की अलग अलग परतें, वैल्यूज़, सोच, समझ वाले लोग एक साथ भी बसते हैं। बहरहाल, मौजूदा दौर के हिंदुस्तानी टीन एजर्स लड़के-लड़कियों ही नहीं, बल्कि बच्चों से भी उनके पेरेंट्स को सेक्स और सेक्स एजुकेशन को लेकर खुल कर बातचीत और विचार विमर्श की ज़रूरत है। जब तक सेक्स और सेक्स एजुकेशन को एक गुप्त मुद्दा मानने की बजाय उसे जीवन शैली का हिस्सा बना कर उसका सामान्यीकरण नहीं होगा तब तक बच्चे और किशोर अपनी जिज्ञासाएं पूरी करने के लिए, मन में उठते अपने सवालों के जवाब के लिए इंटरनेट का सहारा लेंगे। हमें अच्छी तरह मालूम है कि इंटरनेट पर सूचनाओं की प्रामाणिकता कितनी संदिग्ध है। इंटरनेट से बच्चों को अधकचरा ज्ञान ही मिलता रहेगा और सूचना का ऑनलाइन समुद्र उनके मन का अंधेरा मिटाने की बजाए और घना करता जाएगा। किशोरवय के बच्चों की ज़िंदगी में इंफ़ेच्युएशन' और लव' के बीच के फ़र्क़ को समझने और उसे मैच्युरिटी से संभालने की दिशा में अपने इकोसिस्टम से सीखते समझते किरदारों की कहानी पर आधारित है गर्ल्स विल बी गर्ल्स । यह एक एक बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली फ़िल्म है, जो मां-बेटी के जटिल और गहराई से भरे रिश्ते पर आधारित है।गर्ल्स विल बी गर्ल्स' शुचि तलाटी के निर्देशन में बनी है, जो उनके करियर की पहली फीचर फिल्म है। इंडो-फ्रेंच प्रोडक्शन के तहत सार्थक कलाकार रिचा चड्ढा और अली फज़ल अब निर्माता के रूप में भी दस्तक दे चुके हैं। यह फ़िल्म उनके प्रोडक्शन हाउस पुश बटन स्टूडियोज़ की तरफ़ से पहली प्रस्तुति है, जो इस बात का संकेत देती है कि एक्टर्स-प्रोड्यूसर्स और अब लाइफ पार्टनर्स की ये रचनात्मक जोड़ी साहसी और अर्थपूर्ण कहानियों में जान फूंक कर उन्हें रुपहले पर्दे पर ला सकने के सफ़र में अपना प्रोफ़ेशनल योगदान देने के लिए तैयार है। गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का वर्ल्ड प्रीमियर इसी वर्ष सनडांस में हुआ था। उसके बाद इस फ़िल्म को कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले। इस फ़िल्म ने बतौर निर्माता इन दोनों के लिए कामयाबी का देसी झंडा भी तब गाड़ दिया जब इसे मुंबई के मामी फ़िल्म फेस्टिवल में चार अवॉर्ड मिल गए।फ़िल्म की कहानी 1990 के दशक के भारत में सेट की गई है, जहां एक किशोर लड़की और उसकी मां के बीच के जटिल संबंधों की पड़ताल की गई है। फ़िल्म भारतीय परिवेश के पारंपरिक सामाजिक ढांचे और उसमें मौजूद पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती देती है। यह मां और बेटी के व्यक्तिगत और आपसी संघर्षों के माध्यम से सेक्स एजुकेशन, किशोरावस्था की जिज्ञासा, और प्यार और आकर्षण के बीच के अंतर जैसे मुद्दों पर चर्चा करती है। शुचि तलाटी ने बेहद सरल लेकिन प्रभावशाली तरीके से कहानी को बुना है। 90 के दशक के भारतीय जीवन का चित्रण बहुत ही प्रामाणिक और वास्तविक है। संवाद और किरदार बेहद सजीव और पहचानने योग्य लगते हैं। मां-बेटी के बीच के पल कभी आपको हंसाएंगे तो कभी भावुक कर देंगे। फ़िल्म का एक प्रमुख पहलू यह है कि यह किशोरावस्था में सेक्स एजुकेशन के महत्व को उजागर करती है। इसमें दिखाया गया है कि किस तरह एक पीढ़ी की गलतफहमियां और संकोच, अगली पीढ़ी के लिए भ्रम पैदा कर सकती हैं। मां के किरदार में कलाकार (कनी कुशरुति) ने बेहद मजबूत और भावनात्मक परफॉर्मेंस दी है। बेटी की भूमिका में एक उभरते हुए कलाकार, प्रीति पाणिग्रही ने किशोरावस्था की मासूमियत और विद्रोही स्वभाव को बखूबी निभाया है। दोनों के बीच का समीकरण फ़िल्म की आत्मा है। इन दोनों के अलावा केशव बिनॉय खेर ने बॉयफ्रेंड के किरदार में अपनी भूमिका बहुत बेहतर ढंग से निभाई है।नवोदित लेखक-निर्देशक शुचि तलाटी की स्टोरीटेलिंग में सादगी, सरलता है और इम्पैक्ट सबका बेहद संतुलित पुट है। उन्होंने एक ऐसी कहानी चुनी है, जो जानी-पहचानी तो लगती है लेकिन उसमें ताजग़ी और नई सोच है। उनका लेखन इस बात पर ज़ोर देता है कि हमें अपने समाज में सेक्स एजुकेशन और भावनात्मक जागरूकता को किस तरह और कितना महत्व देना चाहिए।फ़िल्म के सेट और प्रोडक्शन डिज़ाइन में 90 के दशक की झलक साफ़ दिखाई देती है। बैकग्राउंड म्यूज़िक कहानी की नैरेटिव को रोकने की बजाए बेहतर ढंग से उभारता है।

सिनेमैटोग्राफी में सादगी है, जो कहानी के गहरे भावनात्मक पहलुओं को उभारने में मदद करती है। कुल मिलाकर इस फ़िल्म में कथ्य और शिल्प दोनों का संतुलित सामंजस्य है ।गर्ल्स विल बी गर्ल्स सिर्फ मां-बेटी की कहानी नहीं है, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने वाली फ़िल्म है। यह फ़िल्म न केवल एक पीढ़ी की संवेदनाओं और दूसरी पीढ़ी की जिज्ञासाओं के बीच के अंतर को दिखाती है, बल्कि यह भी बताती है कि समझ और संवाद के जरिए इन दूरियों को कैसे मिटाया जा सकता है।भारतीय समाज की तरह ही हिंदी फ़िल्म उद्योग भी सेक्स एजुकेशन से जुड़े विषयों पर सकारात्मक फ़िल्म बनाते रहने से कतराता रहा है, जिसकी एक बड़ी वजह बाज़ार का दबाव माना जा सकता है। बावजूद इसके पिछले साल इस दिशा में एक अहम क़दम उठता तब दिखा जब दर्शकों को ओह माय गॉड-2' देखने को मिली, जिसमें सेक्स एजुकेशन को कहानी का प्रमुख मुद्दा बनाया गया था। इस फ़िल्म के लेखक-निर्देशक अमित राय थे और इसमें अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फ़िल्म ने यह बखूबी साबित किया था गंभीर मुद्दों पर भी मनोरंजक फ़िल्में बनाई जा सकती है, जिसका क़ारोबार भी उत्साहवर्धक हो। बहरहाल, गर्ल्स विल बी गर्ल्स' बेहद सादगी से दिल को छू लेने वाली कहानी के जरिए बेहद संवेदनशील संदेश देती है। प्राइम वीडियो पर है, देख लीजिएगा।

# आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी

//हरिशंकर व्यास//

**यथा राजा तथा प्रजा, हम हिंदुओं का शाश्वत सूत्र वाक्य है। तभी जैसा मोदी राज वैसे ही संसद, संविधान, कोर्ट-कचहरी, विपक्ष, मीडिया आदि उन तमाम संस्थाओं का आज व्यवहार है, जिससे देश, कौम, नस्ल, धर्म, सभ्यता की वह शर्म है जो आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी। ईमानदारी से सोचें, सन् 2014 में निर्वाचित संसद के काम से लेकर इस सप्ताह की संसदीय घटनाक्रम में ऐसा तनिक भी कुछ है जैसा कांग्रेस, विपक्ष या वाजपेयी राज में था। तब की संसद कैसी थी, कैसे चलती थी और वही अब मोदी राज की संसद का क्या अनुभव है।**

जाहिर है जैसा प्रधानमंत्री, वैसा राज और वैसे ही बाकी सब। जैसा मोदी राज है वैसा विपक्ष है। और दोनों में इतनी भी समझ नहीं कि संसद और उसका परिसर पूरे भारत, पूरे देश के प्रतिनिधित्व का विशेषाधिकारपूर्ण गरिमामय स्थान है।

जैसे लाल किले के बादशाह का दरबार ए खास या दरबार ए आम हुआ करता था।उस स्थान पर यदि पानीपत के मैदान वाली लड़ाई की शत्रुता में लाठियां (तख्तियां, भीड़) लेकर सांसद लड़े और उसके फैसले में चांदनी चौक का कोतवाल जाचंकर्ता हो तो वह कौम के लिए शर्म, कलंक, डूब मरने वाली क्या स्थिति नहीं है।

ऊपर से हुजूर (आज के नरेंद्र मोदी), उनके वजीर खुद ही संसद की तौहीन व अपमान के लिए कोतवाल को बुलाकर उसके कान में फुसफुसा कर कहें यह मेरा विरोधी है, इस पर चार्जशीट बनाओ और कचहरी से जेल में बंद करवा दो।सोचें, संसद और उसके सांसद कानून बनाने वालों के लिए उसी की व्यवस्था में, कानूननिर्माताओं की जगह में सांसदों के व्यवहार का जांतकर्ता, निर्णयकर्ता एक कोतवाल! लंदन की संसद, वेस्टमिनिस्टर या दुनिया के किसी भी सभ्य लोकतंत्र में यह नजारा कभी देखने को नहीं मिला (और न मिलेगा) कि सांसदों की भीड़ में धक्कामुक्की हुई, तो प्रधानमंत्री के सांसद तुरंत बगल की कोतवाली जा कर एफआईआर कराएं!

दुनिया वीडियो पर यह नौटंकी देखे कि सिर पर एक चिपी, फिर पट्टी, फिर पूरा सिर मानो ऑपरेट हुआ हो जैसा बड़ा पट्टा दिखला नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कोतवाल द्वारा ताउम्र कैद की तमाम धाराओं में जांच !सोचें, लाल किले के किस मुगल बादशाह या नेहरू से ले कर डॉ. मनमोहन सिंह के राज में ऐसा हुआ।

खुद सत्तापक्ष अपनी ही विधायिका के सांसदों के झगड़े, धक्कामुक्की की कोतवाल के यहां रिपोर्ट दर्ज कराते हुए! यदि निर्वाचित सरकार, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की एक संसद की प्रक्रिया को भी शांतिपूर्ण ढंग से नहीं चलवा पाए, विपक्ष के शोर-गतिरोध और प्रर्दशन का समाधान बातचीत से नहीं निकाल पाए तो यह किस बात का प्रमाण है। मोदी सरकार द्वारा चरित्र, बुद्धि और अपना कलंकित इतिहास बनाने का! तब संसद, संसदीय प्रक्रिया, नियमावली, स्पीकर, सभापति, उप सभापति, संसद नेता और प्रतिपक्ष नेता, संसदीय परिसर के कारिंदों आदि सबका क्या अर्थ है।

उफ! बुद्धि, दिमाग, बेशर्मी और अहंकार। मुझे बहुत झटका लगा जब सुना कि धक्कामुक्की हुई और नेता प्रतिपक्ष को टारगेट बना कर सरकार के सांसदों ने कोतवाल के यहां जा कर शिकायत दर्ज कराई!

क्या पतन है नेहरू राज से मोदी राज का! कल्पना करें ऐसा ही वाकया यदि वाजपेयी-आडवाणी के राज में हुआ होता।

पहली बात वे अपनी संसद में ऐसी नौबत नहीं आने देते कि पचास-पचपन साल के विधायिकी अनुभवी वाले सांसदों के मुंह से यह शिकायत सुनाई दे कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता! उनके माइक बंद हो जाते हैं! उनके मुद्दे, नोटिस, बहस की मांग नहीं मानी जाती आदि, आदि। दूसरी बात, वाजेपयी और आडवाणी दोनों नेता विपक्ष को बुलाकर मंत्रणा, मान मनौव्वल, मनाने या उनकी मांग मानने के लिए हमेशा तत्पर हुआ करते थे।मुझे ध्यान है कि वाजपेयी राज में संसद भवन में सावरकर की तस्वीर लगी तो पूरे विपक्ष का जबरदस्त गुस्सा था, मगर बात का बतगंड़ नहीं हुआ जो अंबेडकर के मौजूदा बवाल में हुआ है।वाजपेयी याकि भाजपा राज की संसद ने सावरकर की तस्वीर लगाई तो लगाई।यह नहीं हुआ कि विपक्ष की आपत्ति पर भाजपा के सांसदों ने सावरकर के प्रति कांग्रेस सरकारों की उपेक्षा की तख्तियां ले कर तब की नेता विपक्ष सोनिया गांधी का रास्ता रोकने का हंगामा किया। और यह तो कल्पना ही नहीं संभव जो सत्ता पक्ष के सांसद को चोट लगे तो आडवाणी अपने सांसदों से कोतवाली जा कर शिकायत कराएं कि सोनिया गांधी ने धक्का दिया और हमारा बुजुर्ग सांसद घायल हुआ। एफआईआर दर्ज करो तथा सोनिया गांधी को तलब करो! सो, यथा राजा तथा भाजपा। यथा राजा तथा सरकार। यथा राजा तथा संसद। यथा राजा तथा मीडिया। यथा राजा तथा सुप्रीम कोर्ट। यथा राजा तथा विदेश नीति। यथा राजा तथा विकास। यथा राजा तथा समाज! यथा राजा तथा धर्म। हां, हम हिंदुओं के धर्म का भी नया बना इतिहास देखिए कि प्रधानमंत्री भगवान राम की ऊंगली पकड़ उन्हें उनके मंदिर में बैठा रहे हैं वही सहस्त्राब्दियों पुरानी सनातन परंपरा के कुंभ मौके का एक मुख्यमंत्री ऐसा हल्ला बना रहे हैं, मानों नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो ऐसा कुंभ नहीं होता!तभी 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संसद के सदाचार, कदाचार में क्या सच, क्या झूठ का दारोमदार अब कोतवाल के सुपुर्द है। तब यह कल्पना असंभव नहीं है जो कोतवाल रिपोर्ट करे कि संसद गुंडों की है।संसद में गुंडई होती है और तब प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सुरक्षा के नाम पर स्पीकर और सभापति, उप सभापति के पदों को उन सख्त आईपीएस कोतवालों के लिए आरक्षित करें, जिन्हें आसन पर देख कर सारे सांसद फौज के अनुशासित सैनिकों की तरह संसद में व्यवहार करें।अच्छा ही है, हिंदूशाही के नाम पर मोदी राज को यह भी कर लेना चाहिए!

## नदी जोड़ो अभियान, एक सदी का सपना..!!

नदी जोड़ो अभियान आज चर्चा का विषय है। इसका श्रेय सभी पार्टियों लेने की कोशिश भी करती हैं लेकिन इन परियोजनाओं का इतिहास 100साल से भी अधिक पुराना है।इस इतिहास को जानकर यह समझा जा सकता है कि सपनों के फलीभूत होने में सैकड़ों साल की तपस्या शामिल होती है ।इसमें कोई एक व्यक्ति अकेला नहीं है,बल्कि सरकारों के निरंतर और सकारात्मक प्रयास हैं।हालांकि गुलाम भारत मे 1900 के दशक में एक अंग्रेज इंजीनियर आर्थर कॉटन ने भारत की नदियों को जोडने की कल्पना की थी ।उसका उद्देश्य था कि नदियों के अतिरिक्त जल से बड़ी-बड़ी नहरें बनाकर जल मार्गों की वृद्धि की जा सकती है जिससे ब्रिटिश सरकार को व्यापारिक सुविधा मिलेगी तथा दक्षिण भारत के तथा उड़ीसा के सूखे से निपटा जा सकेगा और वहां पर अतिरिक्त जल भेज कर उत्पादन में वृद्धि भी की जा सकेगी । किंतु इसमें आने वाले खर्च को देखकर ब्रिटिश हुकूमत भी आगे नहीं बढ़ी और यह ठंडे बस्ते में चली गई।

देश आजाद हुआ और राष्ट्र निर्माण की योजनायें बननी शुरू हुई।गरीबी संसाधनों के अभाव और तकनीशियनों की कमी से प्रथमिकताये आगे बढ़ती गईं। आजादी के लगभग 23 साल बाद जब इंदिरा जी की सरकार में डा के एल राव जो कि बांध बनाने वाले इंजीनियर थे,सिंचाई मंत्री बने तब उन्होंने आर्थर काटन के इस सपने से धूल झाड़ी और इंदिरा जी के सामने रखा।कांग्रेस ने 1970 में इस योजना को नये दृष्टिकोण से जीवित किया। डा. के एल राव की सोच थी कि जो हिमालयीन नदियां हैं उनमें ग्लेशियरों के पिघलने के कारण गर्मियों में अतिरिक्त जल होता है और बाढ़ आती है जबकि प्रायद्वीपीय नदियां गर्मियों में सूख जाती हैं और उनमें बरसाती मौसम में बाढ़ आती है अतः हिमालयीन नदियों और प्रायद्वीपीय नदियों की आपस में जोड़ दिया जाता है तो सूखे के मौसम में जल की उपलब्धता बनी रह सकती है इसे इंटर-वेसिन रिवर लिंकिंग कहा गया। इंदिरा गांधी ने 1980 में इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए एनडीआरडी की रिपोर्ट तैयार करवाई । इसकी वित्तीय व्यवस्था बनाने के लिए शुरुआत की गई और उन्होंने 1982 में नेशनल वाटर डेवलपमेंट अथॉरिटी का निर्माण किया यह नदी जोड़ो अभियान का पहला कदम था।इसके अंतर्गत इंटर-वेसिन नदियों को जोडने की योजनाओं पर कार्य शुरू हुआ ।कध्धययन हुए रिपोर्टें तैयार हुईं। जब 1999 में एनडीए की सरकार आई और अटल बिहारी बाजपेयी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसे उलटकर योजना के पूरे स्वरूप को ही बदल दिया और इंटर-बेसिन परियोजनाओं को इंट्रा-वेसिन परियोजनाओं में बदल दिया किंतु 2003 तक यह विचार स्वरूप लेता इसके पहले ही 2002 में सुप्रीम कोर्ट में इसके विरोध में पीआईएल लग गई ।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य नेता कर्नाटक के बेलगावी, बेलगाम में विस्तारित सीडब्ल्यूसी बैठक के स्थल तक मार्च करते हुए।




विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य नेता कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शामिल हुए।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान सीतामढी में।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे और बहू वृषाली शिंदे के साथ नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले।




भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य ने नई दिल्ली में आप की महिला सम्मान योजना को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



चेन्नई के मरीना बीच पर 2004 की सुनामी त्रासदी की 20वीं वर्षगांठ पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करती महिलाएं.....

# 'हनी' बनकर लोगों को 'ट्रैप' करती थी मधु, पुलिस ने किया गिरफ्तार तो सामने आई चौंका देने वाली मॉडस ऑपरेंडी



**बरेली, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हनी ट्रैप गैंग की सरगना ममता उर्फ मधु को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी मधु की वजह से सुभाष नगर थाना क्षेत्र के एक डॉक्टर ने दो साल पहले आत्महत्या की थी। आरोपी ने चिकित्सक को फंसाया और 25 लाख की मांग रखी। अब तक वह चिकित्सकों, व्यापारियों, पुलिसकर्मियों समेत कई लोगों को शिकार बना चुकी है। हाल ही में उसने नवाबगंज के एक युवक को फंसाया था।

पीड़ित ने बारादरी थाने में प्राथमिकी लिखाई। नशा देकर उसके साथ अश्लील वीडियो बनाया और पांच लाख रुपये की मांग रखी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी ममता दिवाकर उर्फ मधु, वर्तमान में तुलाशेरपुर में रहती है। वह इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों को फंसाती है और बाद में उन्हें अपने घर पर बुलाकर बेहोशकर उनके साथ अश्लील वीडियो बना लेती है। बाद में वह और उसके गिरोह के लोग ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठते हैं। इस साल अप्रैल में मधु ने नवाबगंज के एक व्यापारी को फंसाया था। व्यापारी ने बताया कि मधु के गैंग में रीना उर्फ शीतल, माधुरी, सत्यवीर समेत कई अज्ञात लोग भी शामिल हैं। गैंग का एक व्यक्ति की रिश्तेदारी उसके गांव में हैं। जब वह गांव गया तो उसका नंबर किसी ने मधु को दे दिया। इसके बाद बातचीत हुई। आरोप है कि एक दिन मधु उन्हें नगर निगम परिसर में मिली। वहां दोनों बातचीत के बाद उसे चाय पिलाने के बहाने अपने कमरे पर ले गई। पीड़ित युवक का आरोप है कि मधु ने चाय में कुछ नशीला पदार्थ मिलाया और पिला दिया, जिससे नशा हो गया। इसी बीच उसने अश्लील वीडियो बना ली। जब उन्हें होश आया तो मधु ने वह वीडियो दिखाकर पांच लाख रुपये की मांग रखी। मना करने पर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी।

मामले में व्यापारी ने बारादरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मधु के विरुद्ध बारादरी में दो, बिथरी चैनपुर में एक और सुभाषनगर थाने में एक मामला दर्ज है।हनी ट्रैप गैंग की सरगना मधु को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध नवाबगंज के एक युवक ने प्राथमिकी लिखाई थी। आरोपी महिला को जेल भेजा गया है।इसी आरोपी मधु ने सुभाष नगर की बीडीए कॉलोनी निवासी एक डॉक्टर को अपने जाल में फंसाकर 25 लाख रुपये की मांग रखी थी। उन्होंने इससे तंग आकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह, पीलीभीत के एक दारोगा को भी इसी मधु ने हनी ट्रैप में फंसाया। बाद में अश्लील वीडियो काल का आरोप लगाकर उनकी शिकायत की, जिससे उन्हें निलंबित होना पड़ा था।

# दिवालिया होने की कगार पर था भारत, मनमोहन सिंह ने इकोनॉमी को डूबने से कैसे बचाया




**नईदिल्ली, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत के लिए 1990 के दशक की शुरुआत किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। विदेशी निवेश के लिए दरवाजे ठप थे। इंस्पेक्टर राज ने उद्योग-धंधे खोलना मुश्किल कर रखा था। अर्थव्यवस्था चौपट होने की कगार पर थी। उस वक्त मनमोहन सिंह संकटमोचक की तरह सामने आए। उनकी नीतियों ने न सिर्फ भारत को दिवालिया होने से बचाया, बल्कि उसे इस काबिल बनाया कि वह तीन दशक बाद दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो सके।1990 के दशक से पहले लाइसेंस परमिट राज था। इसका मतलब कि सबकुछ सरकार ही तय करती थी किस सामान का उत्पादन कितना होगा, उसे बनाने में कितने लोग काम करेंगे और उसकी कीमत क्या होगी। इस परमिट राज ने देश में कभी निवेश का माहौल पनपने ही नहीं दिया।इससे सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता गया और नौबत दिवालिया होने तक की आ गई। भारत को उस समय अपने जरूरी खर्च चलाने के लिए सोना तक विदेश में गिरवी रखना पड़ा। भारत के पास इतना विदेशी मुद्रा भंडार था कि उससे दो हफ्ते के आयात का खर्च ही उठाया जा सकता था।उस समय केंद्र में नरसिम्हा राव की सरकार थी, जो देश के सबसे सुलझे नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी मनमोहन सिंह को सौंपी। इसकी वजह भी बड़ी खास थी। उस वक्त भारत की साख बेहद गिर चुकी थी। कोई भी बड़ी अंतरराष्ट्रीय हमें कर्ज देने को तैयार नहीं थी।राव ने मनमोहन सिंह को इसलिए वित्त मंत्री बनाया, ताकि अंतरराष्ट्रीय बैंकों से आसानी से कर्ज मिल सके। साथ ही, मनमोहन सिंह पहले भी आर्थिक सलाहकार के तौर पर सरकार के साथ काम कर चुके थे। वह आरबीआई गवर्नर भी रह चुके थे, लिहाजा उन्हें आर्थिक नीतियों का भी बेहतर अंदाजा था।वह दिन था 24 जुलाई 1991, मनमोहन सिंह का बतौर वित्त मंत्री पहला बजट। अमूमन बजट तैयार करने में तीन महीने लगते हैं, लेकिन बजट लोकसभा चुनाव के बाद पेश किया जा रहा था, तो मनमोहन सिंह को सिर्फ एक ही महीने का वक्त मिला। उन्होंने इस महीने में कमाल कर दिया।उन्होंने बजट में लाइसेंस परमिट राज को खत्म कर दिया। बंद अर्थव्यवस्था को खोल दिया, घरेलू निजी कंपनियां आईं, विदेशी कंपनियों ने भी एंट्री की।

## गाजा में लड़ाई रोकने के मूड में नहीं इजरायल, एक हवाई हमले में पांच फलस्तीनी पत्रकारों की मौत

**दीर अल-बलाह।** पश्चिम एशिया में युद्धविराम की कोशिशों के बीच गाजा पट्टी में बुधवार रात इजरायली हवाई हमले में एक अस्पताल के बाहर पांच फलस्तीनी पत्रकारों की मौत हो गई।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के इस दावे के बाद गुरुवार को इजरायली सेना ने कहा कि उसने आतंकियों को निशाना बनाकर हमले किए थे। इसके अलावा पूरे गाजा क्षेत्र में हुए इजरायली हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए। इजरायल ने लेबनान के बालबेक क्षेत्र में भी हवाई हमले किए। इजरायली हमले का निशाना नुसरत शरणार्थी शिविर था। शिविर के पास अल-अवदा अस्पताल के बाहर खड़ी कार में हुए धमाके में पांच पत्रकारों की मौत हो गई। पत्रकार स्थानीय कुद्स न्यूज नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास से संबद्ध आतंकी ग्रुप इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के समूह को निशाना बनाया, जिसने सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल में हमले कर युद्ध की शुरुआत की थी। वहीं, पत्रकारों की सुरक्षा करने वाली समिति का कहना है कि युद्ध शुरू होने के बाद से 130 से अधिक फलस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं। सिन्हुआ एजेंसी के अनुसार, उत्तरी गाजा में इजरायली हमलों में विस्थापित हुए लोगों के अल-मुहब्बन स्कूल शरणार्थी शिविर समेत पूरे गाजा में बुधवार को 22 फलस्तीनियों की मौत हो गई।

# मनमोहन सिंह 2005 में रेल मंत्री लालू यादव के साथ आए थे बिहार, राजद प्रत्याशी के लिए की थी जनसभा



**सीतामढ़ी, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 8 नवंबर, 2005 को सीतामढ़ी दौरे पर आए थे। तब उन्होंने बिहार में पूर्णिया, सहरसा के बाद सीतामढ़ी के जिला मुख्यालय डुमरा हवाई फील्ड में जनसभा को संबोधित किया था। उनके साथ तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव भी थे। 2005 में विधानसभा का चुनावी वर्ष था। राजद के प्रत्याशी मो. ताहिर उर्फ छोटे खान के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने तत्कालीन पीएम एवं रेलमंत्री आए थे।हालांकि, इस चुनाव में यूपीए समर्थित राजद प्रत्याशी छोटे खान को शिकस्त मिली थी और भाजपा से सुनील कुमार पिंटू चुनाव जीत गए थे।


पिंटू को इसका इनाम भी मिला था और वह तत्कालीन नीतीश सरकार में पर्यटन मंत्री बने थे।यह जानकारी तत्कालीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विमल शुक्ला ने दी है। इधर, पूर्व प्रधानमंत्री के निधन की खबर सुनते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं समेत जिलेवासियों में मायूसी छा गई। उन्होंने बताया कि इस सभा की अध्यक्षता सत्तारूढ़ कांग्रेस का जिलाध्यक्ष होने के नाते हमने की थी। बागमती नदी से बाढ़ की तबाही से मुक्ति दिलाने की मांग प्रधानमंत्री से की थी। उन्होंने आश्वस्त किया था।

इधर, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने एक्स हैंडल पर शोक संदेश पोस्ट किया है। उनके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने भी दुख व्यक्त किया है। पूर्व पीएम सिंह के निधन पर शोक जताने वालों में प्रदेश के स्वास्थ्य प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह शामिल हैं।

## पाकिस्तान की ओर बढ़ रहे 15 हजार तालिबानी लड़ाके, अफगानिस्तान ने खाई बदले की कसम

**नईदिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से मंगलवार देर रात अफगानिस्तान पर किए गए हमले में 46 लोगों की मौत के बाद तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है। अब 15 हजार तालिबानी लड़ाकों के पाकिस्तान सीमा की ओर से बढ़ने की रिपोर्ट सामने आ रही है। ये लड़ाके काबुल, कंधार और हेरात से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से लगती मीर अली सीमा की ओर बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में हवाई हमले किए थे। तालिबान प्रशिक्षण सुविधा को नष्ट करने और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने के उद्देश्य से किए गए हवाई हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि हमलों ने जेट और ड्रोन का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया।पाकिस्तान ने गुरुवार को हमले की पुष्टि की। अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान और टीटीपी अलग-अलग लेकिन सहयोगी समूह हैं। पाकिस्तान भारत के खिलाफ तालिबान को रणनीति हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूह तालिबान-नियंत्रित क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए संचालित हुए।

# ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार कराएगा प्रशासन, इनमें तुगलक का किला, पृथ्वीराज की बावड़ी शामिल, तोता मैना की कब्र भी



**संभल, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जिले की ऐतिहासिक धरोहर सहित लुप्त हो चुके तमाम तीर्थ स्थल को अपने पुराने स्वरूप में लाया जाएगा। जिला प्रशासन ने विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे इन स्थलों को सजाने और संवारने का जिम्मा ले लिया है। एएसआई के संरक्षण में खंडहर हो चुके फिरोजशाह तुगलक का बना ग्राम फिरोजपुर में किला, तोता मैना की कब्र, पृथ्वीराज चौहान की खंडहर हो चुकी बावड़ी को संरक्षित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है, जिसको लेकर बुधवार को डीएम एसपी ने टीम के साथ इन सभी धरोहरों का निरीक्षण किया। इन इमारतों का सुंदरीकरण होगा तो संभल जल्द ही पर्यटन नगरी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाएगा।जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसडीएम वंदना मिश्रा और एएसआई की टीम ने फिरोजपुर किला, नीमसार तीर्थ, तोता मैना की कब्र और पृथ्वीराज चौहान द्वारा बनवाई गई बावड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने बताया कि संभल प्राचीन नगर रहा है। इस नगरी में इतिहास से लेकर वर्तमान तक अनेक अवशेष उपलब्ध भी हैं और दिखाई भी देते हैं। इनको संरक्षित करने और सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि एएसआई के संरक्षण में संभल का फिरोजपुर का किला है। भारतीय पुरातत्व विभाग ने किले की चारदीवारी को भी संरक्षित किया है, लेकिन इसके बावजूद आसपास के लोगों का यहां पर लगातार आना-जाना लगा रहता है, इसलिए ग्राम फिरोजपुर में बने फिरोजशाह के किले का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं हो पाया है। इसके लिए टीम को अवगत कराया गया है। उन्होंने ने बताया कि नीमसार का कुआं सबसे ज्यादा जागृत है, क्योंकि उसी में जल मिला है। यह तीर्थ भी जागृत है, सिर्फ 10 से 12 फीट पर कुएं में जल है। डीएम ने आगे बताया कि तोता-मैना की कब्र भी जीर्णशीर्ण हालत में है, इसे भी सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा राजपूत काल की बावड़ी जो पृथ्वीराज चौहान के समय में बनी थी, वह भी बहुत बावड़ी है इसे भी सुरक्षित और संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि इतिहास को आप संजोकर नहीं रखा जाएगा तो इतिहास आपको छोड़ देगा। संभल के इतिहास को संरक्षित करके रखा जाएगा तो पूरा संसार यहां पर्यटन के लिए और घूमने के लिए आएगा। संभल की विलुप्त हो चुकी सभी धरोहर का जीर्णोद्धार किया जाएगा और उन्हें संरक्षित रखा जाएगा। एएसआई की मदद से इन सभी धरोहरों को सुरक्षित रखेंगे। भविष्य में इन धरोहरों के विषय में सभी को बताया भी जाएगा।डीएम बताया कि संभल में 68 तीर्थ और 19 कूप सहित 87 तीर्थ स्थल है।

## महाकाल की दर्शन व्यवस्था में शिकायतों को लेकर हटाए गए मंदिर प्रशासक, पुरोहितों- प्रशासन के बीच एक हफ्ते चली खींचतान



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था की शिकायतों को लेकर एक हफ्ते से कर्मचारियों और पुरोहितों के साथ प्रशासनिक अमले में चल रही खींचतान के बीच उज्जैन जिला प्रशासन ने मंदिर प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ को हटा दिया है। नए प्रशासक की नियुक्ति अभी नहीं की गई है।उधर, एक अन्य घटनाक्रम में दर्शन कराने के नाम पर रुपये लेने और धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को आरोपित बनाया है। इनमें भस्म आरती प्रभारी रितेश शर्मा, प्रोटोकाल प्रभारी अभिषेक भार्गव, आइटी सेल प्रभारी राजकुमार शर्मा, कर्मचारी राजेंद्र सिसौदिया और महाकाल मंदिर की सुरक्षा संभाल रही क्रिस्टल कंपनी के कर्मचारी जितेंद्र परमार व ओमप्रकाश माली शामिल हैं। सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।बता दें, पिछले सप्ताह दर्शनार्थियों से जलाभिषेक के नाम पर रुपये लेने का मामला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने पकड़ा था। मामले की मंदिर समिति ने जांच की थी। इसमें दर्शन प्रभारी राकेश श्रीवास्तव व सफाई निरीक्षक विनोद चौकसे की मिलीभगत सामने आई थी।पुलिस के अनुसार दोनों भगवान महाकाल के दर्शन करवाने व जलाभिषेक के नाम पर रुपये ले रहे थे।

# जब SAD से बगावत कर सुखदेव ने बचाई थी मनमोहन सरकार, NDA में अकाली दल की हो गई थी किरकिरी



**चंडीगढ़, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

वर्ष 2008 में परमाणु संधि को लेकर जब वामपंथी दलों ने प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया तो सरकार संकट में आ गई। ऐसे मौके पर शिरोमणि अकाली दल जो एनडीए का हिस्सा था के पास आठ सांसद थे। साफ लग रहा था कि मनमोहन सिंह की सरकार गिर जाएगी लेकिन शिरोमणि अकाली दल के एक सांसद सुखदेव सिंह लिबड़ा ने पार्टी लाइन से हटकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए हुए मतदान में गैर-हाजिर रहकर डॉ. मनमोहन सिंह को समर्थन दिया।उनके इस कदम से एनडीए में अकाली दल की काफी आलोचना हुई लेकिन पंजाब में उनके इस कदम की सराहना भी हुई। दिलचस्प बात यह है कि सुखदेव सिंह लिबड़ा लोकसभा में खुद ही पार्टी के व्हिप थे और उन्होंने सभी आठ सांसदों को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान करने को कहा। लेकिन वह खुद ही गैर हाजिर रहकर डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरने से बचा लिया।

वहीं, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहांत पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन के साथ ही सार्वजनिक जीवन में राजनेता और सभ्य मूल्यों का एक युग समाप्त हो गया।डॉ. साहब ने व्यक्तिगत जीवन में सादगी के साथ-साथ राजनीति में शालीनता, शिष्टता और ईमानदारी को भी हमेशा जोड़े रखा। सुखबीर सिंह ने लिखा, मुझे याद है कि डॉ. साहब का मेरे पिता और अकाली नेता सरदार प्रकाश सिंह बादल के साथ कितना घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध थे।

# कोर्ट ने सौरभ शर्मा को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार, कहा-अपराध बहुत गंभीर



**भोपाल, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अवैध कमाई से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने के आरोपित मध्य प्रदेश परिवहन विभाग में आरक्षक रहे सौरभ शर्मा का अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र भोपाल जिला न्यायालय ने गुरुवार को अस्वीकार कर दिया है। न्यायाधीश (लोकायुक्त) राम प्रसाद मिश्र ने आवेदन पर सुनवाई की। न्यायालय ने माना कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए अन्वेषण में आरोपित से पूछताछ की आवश्यकता है। आरोपित की अनुपलब्धता के तथ्य को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसके पहले प्रार्थनापत्र पर सौरभ का पक्ष रखते वकील आरके पाराशर ने कहा कि 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकदी जिस कार में मिलने की बात की जा रही है, वह सौरभ की है ही नहीं, सौरभ का उससे कोई लेना-देना नहीं है। वकील ने दूसरा तर्क दिया कि आरोपित छापेमारी के समय लोक सेवक नहीं था। उधर, सौरभ का सहयोग करने वाले परिवहन अधिकारी भी आयकर के निशाने पर हैं। आयकर अधिकारियों को भोपाल के शाहपुरा बी-सेक्टर में 20 हजार वर्गफीट जमीन पर जयपुरिया नाम से बन रहे एक स्कूल में अघोषित आय के प्रयोग का संदेह है। स्कूल निर्माण कराने वाली समिति में सौरभ के करीबी चेतन गौर और स्वजन के नाम हैं।

स्कूल निर्माण के लिए अधिकारियों ने नियम विरुद्ध अनुमति दी है तो उनसे भी पूछताछ की जाएगी। इसके अतिरिक्त उन अधिकारियों से भी पूछताछ होगी, जिनका नाम बरामद डायरी में है।डायरी उस कार में मिली थी, जिसमें 54 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ रुपये नकद रखे थे। बता दें कि लोकायुक्त पुलिस द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में सौरभ के विरुद्ध दर्ज प्रकरण के आधार पर ईडी ने भी जांच शुरू की है।

# बीपीएससी ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण का परिणाम किया जारी, 30 में 10 विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक सीटें रिक्त

**पटना, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शिक्षा विभाग के उच्च माध्यमिक स्कूलों में योगदान के लिए तृतीय अध्यापक नियुक्ति परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 30 विषयों के लिए जारी परिणाम में 10 विषयों की 90 प्रतिशत से अधिक सीटें रिक्त रह गई हैं।मगही विषय की सभी 106 सीटें रिक्त रह गई हैं। रसायन शास्त्र की 3,742 सीटें के विरुद्ध 273, मैथिली की 188 के विरुद्ध 19, प्राकृत की 153 के विरुद्ध एक, पाली की 87 के विरुद्ध एक, गृहविज्ञान की 593 के विरुद्ध 56, फारसी की 311 के विरुद्ध सात, बांग्ला की 24 के विरुद्ध सात, भोजपुरी की 186 के विरुद्ध तीन तथा अरबी की 190 के विरुद्ध 18 सीटों पर ही योग्य अभ्यर्थी मिले हैं।अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के प्लस टू स्कूलों में केमिस्ट्री और फिजिक्स विषय की सीटें के विरुद्ध भी एक भी योग्य अभ्यर्थी नहीं मिले हैं। शिक्षा विभाग के स्कूलों में भौतिकी विषय में ईडब्ल्यूएस पुरुष, एससी-एसटी, ईबीसी, बीसी व बीसीएल श्रेणी की सीटें योग्य अभ्यर्थी के अभाव में रिक्त रह गई हैं।




रसायन शास्त्र में सामान्य श्रेणी के पुरुष व महिला छोड़कर अन्य सभी श्रेणी की सीटों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिले हैं। मैथिली, भोजपुरी, पाली, और अरबी में भी सामान्य छोड़ सभी सीटें रिक्त रहीं। प्राकृत में सामान्य श्रेणी में पुरुष अभ्यर्थी भी नहीं मिले। गणित विषय में एससी अभ्यर्थी की सीटें रिक्त रह गईं।आयोग के अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त पत्र के अनुसार सामान्य व ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए कटआफ अंक 40 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34 तथा अनसूचित जाति एवं जनजाति, सभी वर्गों की महिलाएं व दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 32 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। बिहार लोक सेवा आयोग ने 24 जून से 20 दिसंबर, 2024 तक 22 परीक्षाओं का आयोजन किया। इनके लिए 66 मल्टीसेट प्रश्न पत्र तैयार किए गए, जिसमें छह हजार 365 प्रश्न पूछे गए थे। 11 लाख 44 हजार अभ्यर्थियों के आवेदन मिले। इसकी जानकारी आयोग ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर दी।आयोग के अनुसार, इन प्रश्नों के संबंध में किसी स्तर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई कि एक भी प्रश्न किसी कोचिंग संस्थान के मॉडल प्रश्न पत्रों से लिया गया। 13 दिसंबर को आयोजित एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में भी 10 दिनों तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी कि इनमें से कुछ प्रश्न किसी कोचिंग संस्थान के मॉडल प्रश्न पत्र से लिए गए हैं।



## अद्रिजा रॉय ने अनुपमा में ली एंट्री, अलीशा परवीन को किया रिप्लेस, निभाएंगी राही का रोल

अनुपमा में इन दिनों काफी फेरबदल दिख रहा है. शो में राही का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस अलीशा परवीन को मेकर्स ने निकाल दिया. उनकी जगह मेकर्स ने एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय को कास्ट किया है.

अद्रिजा रॉय के साथ शूटिंग शुरू हो गई है. अद्रिजा को शिवम खजूरिया के अपोजिट रोल में देखा जाएगा. मेकर्स ने ऑफिशिय अनाउंसमेंट कर दी है.

अद्रिजा रॉय का जन्म कोलकाता में हुआ था और उन्होंने बंगाली सीरीज से ही टीवी डेब्यू किया था. वो 2016 में शो बेदिनी मोलुआर कोठा में नजर आई थी.

इस शो से उन्हें बहुत तारीफ मिली थी. उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया था. इसके बाद उन्होंने और भी बंगाली शो में काम किया.

वो दुर्गा दुर्गेश्वरी, पोटोल कुमार गाणवाला, जय काली कलकत्तेवाली, बिक्रम बेताल और मौउ एर बारी जैसे शो में नजर आई थीं.

2023 में अद्रिजा ने हिंदी टीवी इंडस्ट्री में एंट्री ली और खुद को प्रॉमिनेंट फिगर के तौर पर स्टैब्लिश किया. उन्होंने इमली में काम किया.

उन्होंने पॉपुलर शो कुंडली भाग्य में भी काम किया. इस शो में डॉक्टर पालकी खुराना का रोल प्ले किया था.

उन्होंने बंगाली फिल्म परिणीता और गोल्पेर मायाजाल में भी काम किया है. अब उन्हें अनुपमा में देखा जाएगा. अद्रिजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं.

# बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए रजाई-कंबल को कैसे बनाएं नए जैसा? यहां जानिए निंजा टेक्निक, नहीं खर्च होंगे एक भी रुपये

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है. सुबह कोहरे की चादर में लिपट कर आ रही है. वहीं शाम के ठिठुरन बढ़ने लगी है. ऐसे में हर घर में रजाई-कंबल का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन इनको साफ करना बेहद मुश्किल भरा होता है. कई लोगों के मन में सवाल होता है कि बिना ड्राई क्लीन कराए या बिना धोए क्या रजाई-कंबल को साफ किया जा सकता है? आज हम यहां आपके लिए एक ऐसी निंजा टेक्निक लेकर आएं हैं जिससे आपको सर्दियों में बहुत हेल्प मिलने वाली है. यहां हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक बताने वाले हैं जिससे आपके रजाई-कंबल बिना धोए ही चमकदार और साफ बने रहेंगे. हर किसी को ये ट्रिक जानने की जरूरत है.

रजाई और कंबल को बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए कैसे रखें साफ?

1.सर्दियों में लगातार इस्तेमाल होने की वजह से रजाई गंदी हो जाती है या उसमें से महक आने लगती है. अगर आप भी इससे परेशान हैं और सर्दी में इसे धोना या ड्राई क्लीन कराना नहीं चाहते हैं तो आपको यहां बताई कुछ बातों का खास ख्याल रखना होगा. आइए जानते हैं इसके बारे में.

2.कभी भी रजाई को धोने गलती न करें. क्योंकि रजाई को धोने से इसकी ऊन खराब हो जाती है. इससे न केवल उसका रंग जा सकता है बल्कि ये पहले जितना गर्म भी नहीं करेगी.

3.अगर आप रजाई को धोएंगे तो वह दोबारा इस्तेमाल करने के लायक नहीं रह जाएगी. इसलिए हमेशा आप रजाई को पानी से धोने की बजाए धूप दिखाएं. अगर वो बहुत ज्यादा गंदी हो गई है तो आप उसकी धुनाई करवा सकते हैं. इससे रजाई बिल्कुल नए जैसा हो जाएगा. साथ ही कड़ाके की सर्दी में बहुत गर्म भी करेगा.

4.रजाई का इस्तेमाल करते समय अपनी पंसद का कोई अच्छा सा खोल इस्तेमाल करें. क्योंकि अगर ये फट जाता है या फिर गंदा हो जाता है तो उसे आसानी से बदला जा सकता है. ऐसा करने से आपकी ऊन को दोबारा रियूज कर पाएंगे. आपको नई रजाई दोबारा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी. आपके पैसे बचेंगे.

5.अगर आप चाहते हैं कि आपकी रजाई-कंबल की चमक बरकार रहे तो कोशिश करें की नियमित



अंतराल पर इन्हें धूप दिखाई जाए. ऐसा करने से न केवल उसमें मौजूद कीटाणु और नमी हट जाएगी. बल्कि इसमें आने वाली बदबू भी हट जाएगी.

6.रजाई-कंबल को नया जैसा रखना चाहते हैं तो इन्हें गंदा होने से बचाना होगा. इसके लिए आप इनके ऊपर कवर (स्र्ह्वद्ब्रह्ल ष्थ्1द्गह्) जरूर चढ़ाएं. इससे आपके रजाई-कंबल की चमक बरकरार रहेगी.

7.सर्दियों कम होने या कम इस्तेमाल होने के दौरान हमेशा कंबल और रजाई को सूखे और हवादार स्थान पर ही रखें. ऐसा करने से इनमें कभी भी गंदी बदबू नहीं आएगी.

# चाय पीने के शौकीन हो जाएं सावधान ज्यादा पीने से शरीर में होते ये नुकसान

सर्दियों में चाय की चुस्की लेना भला किसे पसंद नहीं होता है. गर्मियों में जो लोग चाय अवॉइड करते हैं, वे लोग भी सर्दियों में चाय पीना खूब पसंद करते हैं.भारत में अधिकांश लोगों को दूध वाली मीठी चाय पीना पसंद होता है. कई लोग तो पूरे दिन भर में 5-10 चाय तक पी जाते हैं. अगर आप भी इतनी चाय पीने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए. क्योंकि ज्यादा चाय पीने से कई तरह की स्वास्थ परेशानियां हो सकती हैं. खासतौर से गर्भवती महिलाओं को चाय पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें कैफीन होता है.आइए जानते हैं इसके बारे में.

बढ़ सकती है दिल की धड़कन

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनकी दिल की धड़कन बढ़ सकती है. चाय में कैफीन मौजूद होता है, जो सीमित मात्रा में एनर्जी और मेडिटेशन करने में मदद करता है. लेकिन अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन अनिद्रा, बेचैनी और दिल की धड़कन बढ़ने का कारण बन सकता है.



पेट दर्द या एसिडिटी की समस्या

कभी भी खाली पेट चाय नहीं पीनी चाहिए. जो लोग खाली पेट चाय पीते हैं या बार-बार चाय पीने से पेट में एसिड बढ़ सकता है. जिससे पेट दर्द, एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है. कुछ मामलों में, यह अल्सर का कारण भी बन सकता है.

हो सकती है खून की कमी

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनमें खून की कमी हो सकती है. चाय में टैनिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को कम कर देता है. खासकर जो लोग पहले से एनीमिया यानी खून की कमी से जूझ रहे हैं, उनके लिए ज्यादा चाय पीना खतरनाक साबित हो सकता है.

चाय पीने का सही तरीका

विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में 2-3 कप चाय पीना उचित है. इसके अलावा, चाय पीने का समय भी मायने रखता है. खाली पेट चाय पीने से बचें और खाने के तुरंत बाद चाय न पिएं.

## दे दे प्यार दे 2 को मिली नई रिलीज तारीख अगले साल 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म




साल 2019 में आई फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। यह फिल्म अगले साल मई में रिलीज होनी थी। मगर, इसकी रिलीज डेट अचानक टल गई। फिर कहा गया कि यह फिल्म सितंबर में आएगी। मगर, आज मेकर्स की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी में पता चला है कि दर्शकों को अभी इस फिल्म के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अजय देवगन, आर माधवन और रकुल प्रीत सिंह जैसे सितारों से सजी यह फिल्म कब रिलीज होगी? चलिए जानते हैं.

फिल्म दे दे प्यार दे 2 अब साल 2025 में नवंबर के महीने में रिलीज होगी। लव फिल्म्स की तरफ से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें लिखा है, फिल्म दे दे प्यार दे 2 14 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा कर रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन और अंकुर गर्ग फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को तरुण जैन और लव रंजन ने लिखा है। दे दे प्यार दे 2 पहले 1 मई 2025 को रिलीज हो रही थी। लेकिन, अब नवंबर में बाल दिवस के अवसर पर फिल्म आएगी। हंसी-तफरी से लेकर रोमांस और फैमिली ड्रामा तक, इस फिल्म में सभी चीजें मौजूद हैं। फिल्म शैतान के बाद आर माधवन और अजय देवगन को एक बार फिर दर्शक साथ देख सकेंगे।



## थाई स्लिट ड्रेस पहने श्रद्धा दास ने बिखेरा हुस्न का जलाव

साउथ एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी और हॉट अवतार देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।

अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास लोगों के बीच काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने ब्लू कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का हाई बन बनाकर और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

श्रद्धा दास सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

श्रद्धा दास सोशल मीडिय पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। ये ही नहीं एक्ट्रेस का हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही बवाल मचाने लगता है।

## अगले साल मार्च में शुरू होगी जेलर 2 की शूटिंग

सुपरस्टार रजनीकांत ने 2023 में ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर के लिए फिल्म निर्माता नेल्सन दिलीपकुमार के साथ मिलकर काम किया था। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जो तमिल सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। सुपरस्टार रजनीकांत वर्तमान में लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म कुली पर काम कर रहे हैं, जिसे 2025 में रिलीज किया जाना है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि रजनीकांत अगले साल मार्च में जेलर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत-नेल्सन दिलीपकुमार की फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर आएगी। 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर का सीक्वल सुपरस्टार और निर्देशक के बीच दूसरा सहयोग है।

सीक्वल को लेकर चर्चा काफी समय से चल रही है।

## शब्द सामर्थ्य -278

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# राष्ट्र विभूतियों के चौक चौराहो में की गई विशेष साफ-सफाई



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के चौक चौराहा को सुंदर व सुसज्जित बनाने के क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के द्वारा विशेष रूप से साफ सफाई कराई गई, सफाई अभियान के क्रम में सर्वप्रथम राजीव गांधी चौक में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रतिमा व उसके परिसर की साफ सफाई की गई इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व परिसर की सफाई की गई पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि पालिका क्षेत्र को बेहतर बनाने के क्रम में यथासंभव प्रयास किए जाएंगे नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु हम प्रतिबद्ध हैं मुख्य मार्ग व प्रत्येक चौक चौराहा में प्रतिदिन सफाई कार्य किया जा रहे हैं इसके अतिरिक्त आम नागरिकों की सुविधा हेतु हर गली मोहल्ले में भी विशेष सफाई अभियान चल रहा है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग ने आरक्षण की मांग को लेकर की बैठक



**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ओबीसी वर्ग के लोगो ने एकजुट होकर बैकुंठपुर स्थित रेस्ट हाउस में बैठक की, उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के लिए अब आरक्षण की लड़ाई लड़ी जाएगी, वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार ने जो अधिसूचना जारी की है उसमे ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। कार्यक्रम के संयोजक रवि शंकर राजवाडे ने कहा कि ओबीसी का आरक्षण विलोपित किया गया है जिससे हम सब आक्रोशित है, सरकार हमारा आरक्षण बहाल करे।

सभी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा एवम् बस्तर संभाग के सभी जिलों में पाँचवी अनुसूची लागू है, जिसके कारण इन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129 (ड.) के तहत स्ञ वर्ग के लिए सरपंच या अध्यक्ष के समस्त पद स्ञ वर्ग के सदस्यों के लिए आरक्षित रहेंगे, स्ञ वर्ग के लिए आरक्षण स्थानों की कुल संख्या से आधे से कम नहीं होगा. परंतु इसी धारा के उपधारा (03) में स्पष्ट प्रावधान है कि अधिसूचित क्षेत्रों के पंचायतों में भी वर्ग के लिए आरक्षण रहेगा लेकिन एवम् का कुल मिला कर आरक्षण 75त्न से अधिक नहीं होगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश 2024 में उपरोक्त मूल अधिनियम की धारा 129 (ड.) की उपधारा (03) को लोप कर दिया गया है, जिसके कारण अधिसूचित क्षेत्रों में भी वर्ग को मिलने वाली आरक्षण की पात्रता समाप्त (शून्य) हो गई है। इस प्रकार इन क्षेत्रों में निवासरत हम वर्ग के मौलिक अधिकारों का हनन कर हमारे साथ घोर अन्याय एवम् छल किया गया है। बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा है कि हम सभी वर्ग के लोग मांग करते हैं कि वर्गों को नगरीय निकायों एवं पंचायतो मे मिलने वाले आरक्षण को बहाल करे। इस अवसर पर कृष्णा राजवाडे, राधे श्याम जयसवाल ,अशोक जयसवाल, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, गणेश राजवाड़े , बिहारी लाल राजवाड़े, अनिल जयसवाल, संगीता राजवाडे, कुलदीप प्रजापति ,विजय चक्रधारी , कृष्ण कुमार राजवाड़े ,कृष्णा प्रजापति, सुखदेव राजवाड़े , महेश यादव ,हीरालाल साहू, छत्रपाल राजवाड़े, राजेश राजवाड़े ,श्रीमती चांदनी सोनी, लालदास महंत , दिलीप सोनी, संतोष गोयन,अशोक यादव, रामकुमार यादव, दरोगी राजवाड़े, सहित काफी संख्या में ओबीसी वर्ग के पधाधिकारी उपस्थित थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी तक

**कोरिया।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आई.टी.आई., नर्सिंग, डी.एड. एवं बी.एड. में अध्ययन कर रहें अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। उन्होनें बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 फरवरी 2025 तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 28 फरवरी 2025 तक का समय रहेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थी आवेदन कह्यह्यह्यह्यरते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि कराएं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2024-25 से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाइन आवेदन करते समय किया जाना है। इस संबंध में संबंधित संस्था द्वारा प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

## तरगवां में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**कोरिया।** जिला प्रशासन ने बैकुण्ठपुर तहसील के तरगवां (हायर सेकेण्डरी स्कूल) में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला अधिकारियों से कहा है कि उक्त शिविर में पहुंचकर महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराएं। श्रीमती त्रिपाठी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि इस शिविर में बड़ी संख्या में आए और अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं। बता दें जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और जनहित के मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही करना है। इन शिविरों में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे और तुरंत आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रशासन ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि समय पर उनका निवारण हो सकें।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है। आन, बान और शान की रक्षा के लिए भारत देश के वीर बाँकुरे हमेशा सजग रहते हैं। दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों छः साल के फ्तेह सिंह और नौ साल के जोरावर सिंह ने पराधीनता के बदले दीवार में चुनना पसंद किया। सच्चे मायने में ये हमारे वीर बाल रहे हैं और रहेंगे। उनकी शहादत को समूचा विश्व आज नमन कर रहा है।कोरबा, 26 दिसम्बर (अअरएनएस)। उक्ताशय के विचार शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य बृजलाल साहू ने महाविद्यालयीन सभागार में विद्यार्थियों के समक्ष व्यक्त किये। शासन के निर्देशानुसार भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें बी.कॉम की छात्रा उपासना गोयल, बी.ए. की छात्रा संगीता यादव और रीता सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से लघुवृत्त चित्र, छत्तीसगढ़ वंदना और राष्ट्रगान की मोहक प्रस्तुति भी हुई। इस अवसर पर संदीप कुमार सोनी, पूजांजलि भगत, दिवाकर सेठी, टमलेश्वर राजवाड़े सहित विभिन्न संकायों की छात्राओं की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन राजनीति विज्ञान के विभाग प्रमुख पुनीत गुप्ता ने किया।

## वीर बाल दिवस कार्यक्रम एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल हुई महिला बाल विकास मंत्री

**सूरजपुर।** राज्य की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सरस्वती शिशु मंदिर बिश्रामपुर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 73वीं स्थापना दिवस समारोह तथा वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर श्री वासुदेव यादव , नागेशनाथ योगी, राजेश यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ,श्रीमती किरण खेस, शांति सिंह, आमवती नेताम, मोहिनी झा, राम लखन सोनी, श्यामा पांडेय, सूरज सेठी, रवि शंकर सहित आश्रम जुड़े लोग व स्थानीय समुदाय उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने सभा को सम्बोधित करते हुये इसके संस्थापक बाला साहब देश पांडेय को नमन किया। उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना उनके दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। उन्होंने 73 वर्ष पूर्व इस संस्था को स्थापित किया। उन्होंने बताया कि इस संस्था ने समाज के सबसे शोषित वनवासियों आदिवासियों के विकास के लिए कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। इसके अलावा मंत्री श्रीमती राजवाड़े आज सूरजपुर स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुई।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक हुई निरस्त

**सूरजपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा बैठक का आयोजन 27 दिसंबर को मंगल भवन में आयोजित किया गया था। जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। आगामी

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए निर्वाचन व्यय संपरीक्षक किए गए नियुक्त

**सूरजपुर।** नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा का प्रावधान किये जाने के फ्लस्वरूप जिला निर्वाचन अधिकारी के अधीन बालेन्दु शेखर मिश्र को नोडल अधिकारी एवं व्ही.जी उपगड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु एक पृथक व्यवस्था के तहत ''निर्वाचन व्यय संपरीक्षक'' नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद सूरजपुर के लिए श्री नजीर अहमद खान, कनिष्ठ लेखाधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग सूरजपुर को अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक प्रभारी अधिकारी एवं देवेंद्र साहू, स.ग्रे02, कार्यालय वि.ख. शिक्षा अधिकारी एवं चंद्रिका प्रसाद जायसवाल स.ग्रे.02,जनपद पंचायत सूरजपुर को वार्ड क्रमांक 09 से 18 तक निर्वाचन व्यय संपरीक्षक।

# सेंटम प्रशिक्षण केन्द्र कोनी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**कोरिया।** गत दिवस आर्थो वेलफेयर फाउण्डेशन एवं संजीवनी क्लीनिक कोनी बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से 01 बजे तक किया गया था। उक्त शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ आयुर्वेद विज्ञान व चिकित्सा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में समस्त विद्यार्थियों का निःशुल्क चांज व परामर्श दिया गया। उक्त शिविर में संजीवनी क्लिनिक कोनी से आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार रौरे, जितेन्द्र जयसवाल, चन्द्रपाल सूर्यवंसी, दुर्गेस निर्मलकर, अंजली धुरी, योगेस लोनिया, विवेक रौरे, गयान सागर उपस्थित रहें। ज्ञात हो कि सेंटम प्रशिक्षण केन्द्र कोनी में पावरग्रिड कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। जिसमें प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को रू. 3000/- प्रतिमाह छात्रवृत्ति एवं रू. 150/- प्रतिदिन भोजन भत्ता दिया जा रहा है जो कि स्थानीय बेराजगार युवक युवतियों हेतु एक अभिनव पहल साबित हो रहा है। प्रशिक्षण हेतु अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7814325332, 8319544 335 व 95757 34 810 संपर्क कर सकते हैं।

## राशन कार्ड ई-केवाईसी प्रगति पर कलेक्टर ने की समीक्षा

**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने खाद्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राशन कार्ड के ई-केवाईसी के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी के कार्य को खाद्य निरीक्षक प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र पूर्ण करें। ई-केवाईसी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अनदेखा नहीं किया जाएगा। ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने को लेकर कलेक्टर ने योजनाबद्ध तरीके से कैलेण्डर आधारित कार्य योजना बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों के साथ नियमित बैठक लेने के निर्देश संबंधितों को दिये ताकि पीडीएस दुकानदार पर सतत मॉनिटरिंग होती रहे, जिससे ई-केवाईसी की प्रक्रिया में तेजी आए। इसके साथ ही उन्होंने राशन कार्डधारियों से अपील की कि सभी राशन कार्ड धारक अपना ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

# कन्या स्कूल में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन




**कोरिया बैकुंठपुर।** शा.आ.क.उ.मा.वि. बैकुंठपुर के आडिटोरियम में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, मण्डल अध्यक्ष व पार्षद अनिल खटिक, जिला भाजपा महामंत्री पंकज गुप्ता, प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता, अभय दुबे,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी व सिखों के दशवें गुरु गोविन्द सिंह जी के शहीद पुत्रों के छाया चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।ततपश्चात रा. से. यो. की छात्राओं द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया एवम उनके द्वारा देश सेवा हितार्थ लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया । साथ ही छात्राओं द्वारा देश सेवा के लिए समर्पित भावनाओं से ओतप्रोत गीत व भाषण का प्रस्तुतिकरण मंच के माध्यम से किया गया।अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा वीर बाल दिवस अपने विचार प्रस्तुत करते हुए साहिबजादों की साहसभरी बलिदान की कहानियों को साझा करते हुए बताया कि यह दिन हमें सिखाता है कि वीरता की कोई उम्र नहीँ होती।जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में गीत व भाषण प्रस्तुतीकरण करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया साथ ही उन्हें प्रमाणपत्र देने की बात कही।प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा अपने उदबोधन में न्याय और धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहिबजादे बाबा जोरावरसिंह और बाबा फतेहसिंह की वीरता को नमन करते हुए बताया कि भारत के प्रधानमंत्री मान.नरेंद्र मोदी जी के द्वारा वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा के बाद 2022 से सम्पूर्ण भारत मे उक्त कार्यक्रम मनाए जाने संबंधी विधिवत जानकारी दी गई।

पार्षद अनिल खटिक व पंकज गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के माध्यम सेअपने उद्बोधन में उपस्थित सभी बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ देश के प्रति प्रेम व समर्पित भावना की आवश्यकता बताया। व्याख्याता सुमन गुप्ता द्वारा कार्यक्रम से संबंधित एक स्वरचित मार्मिक कविता का प्रस्तुतीकरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आर. एल. गौतम व आभार प्रदर्शन रा .से. यो .के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे अनुराधा सोनपाकर,कल्पना शिवहरे, पी. टी. आई. व गाइड प्रभारी सविता सिंह, शुशीला मेरी खलखो,नीलिमा गोयन,विनीता, घनश्याम सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पीएम आवास निर्माण में शटरिंग प्लेट की आवश्यकता को स्वयं सहायता समूह की दीदियां करेंगी पूरी

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिला में नई पहल करते हुए पीएम आवास निर्माण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह को लिंक करने का कार्य किया गया है। इस पहल के तहत पीएम आवास निर्माण में शटरिंग प्लेट की आवश्यकता को पूरी करने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को दी गई है ताकि इन समूहों द्वारा सामान की आपूर्ति कर अपनी आय अर्जित किया जा सके। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर जानकी स्वयं सहायता समूह को,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा 100 शटरिंग प्लेट (लोन के माध्यम से) उपलब्ध कराया गया है। जिसका उद्देश्य स्व सहायता समूह की दीदियों को निर्माण के क्षेत्र में आगे लाना है। गौरतलब है कि विगत 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर रामनगर जिला सूरजपुर में आयोजित कार्यक्रम में 4729 अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास को एक साथ शुभारंभ करने के लिए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि विधान से सामूहिक भूमिपूजन कराया गया है एवं जिला प्रशासन द्वारा इसे शीघ्र ही शुरू कर मूर्त रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सूरजपुर जिले में 27000 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निर्माण संबंधित उत्पाद की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति करने की जिम्मेदारी जानकी स्वयं सहायता समूह को दी गई है। गौरतलब है कि पीएम आवास के अलावा भी समूह की दीदियां शटरिंग प्लेट को अन्य जगहों जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी किराए पर दे सकती है। प्रति शटरिंग प्लेट 05 रुपये की राशि प्रति दिन के लिये निर्धारित की गई है। जो निस्संदेह उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए अपना योगदान देगी। शटरिंग प्लेट के नवाचार से शासन की योजनाओं को सफ्लतापूर्वक क्रियान्वन करने के लिए न केवल बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं बल्कि इससे महिलाओं को एक ऐसे सफ्ल व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है जो उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में शीघ्र स्थापित करेगा।

# रांपा उपार्जन केंद्र में प्रबंधक की मनमानी से किसान परेशान





### सूजा, सुतली व कांटा के लिए तरस रहे अन्नदाता

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक अंतर्गत रांपा उपार्जन केंद्र में प्रभारी प्रबंधक की मनमानी से अन्नादाता परेशान है, यहां अपनी धान को बिक्री करने के लिए आने वाले किसान सूजा, सुतली व कांटा तक के लिए तरस रहे है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी खानापूर्ति के तर्ज पर केंद्र का दौरा तो करते है लेकिन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते है। जबकि मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन द्वारा प्रबंधकों की बैठक कर लगातार निर्देश दिया जा रहा है कि धान खरीदी केंद्रों में आने वाले किसानों की बैठक व्यवस्था, पीने के साफ पानी की व्यवस्था करना है। शासन का यह भी निर्देश है कि किसान अपनी धान को खरीदी केंद्र में लेकर आएगा उसके बाद खरीदी केंद्रों के मुखिया, लैम्प्स प्रबंधक सहित वहां तैनात टीम अपने मजदूरों के माध्यम से धान को पलटी करेगा, बारदाना में भरेगा, वजन करेगा और व्यवस्थित करेगा। लेकिन रांपा धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी प्रबंधक अरविन्द पांडेय द्वारा खुलेआम मनमानी करते हुए किसानों का शोषण व अन्याय कर रहा है। रांपा खरीदी केंद्र में धान को लेकर आने वाले किसान बंसधारी सिंह, विजयचंद बैगा, सुन्दर लाल यादव, कुंवर सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, दिनेश सिंह सहित अन्य किसानों का कहना है कि यहाँ का प्रबंधक अरविन्द पांडेय ऊपर तक पहुंच होने की बात बोलकर हम लोगों के साथ अन्याय कर रहा है। उपार्जन केंद्र से हम लोगों को सूजा, सुतली व कांटा तक नहीं दिया जाता है। यहाँ सब ऐसे ही चलता है, यहां हम किसानों की परेशानी को कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। प्रबंधक द्वारा हम किसानों से 1 बोरी में 41 किलो 200 ग्राम धान की तौल कराई जाती है, जबकि पैसा 40 किलो धान का ही मिलता है, बाकि के 1 किलो 200 ग्राम धान वारदाना (जूट का बोरा) के नाम पर काट लिया जाता है किन्तु उस जूट के बोरे का अधिकतम वजन मात्र 700 ग्राम ही होता है। रांपा खरीदी केंद्र में अधिकारी आए दिन दौरा तो कर रहे हैं लेकिन प्रबंधक द्वारा किया जा रहा इस तरह की अनियमितता को वे अनदेखा करके चले जाते हैं। जिससे हम किसानों की परेशानी व शोषण लगातार जारी है। रांपा धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा है।

## पंथी नाचा ने मंत्रमुग्ध किया

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सतनाम कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष यू.आर.महिलांगे, कार्यवाहक अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सचिव जय लहरे, सरजू अजय, रमा मिरी, महेंद्र निराला, भूषण नारंगे, सावन बंजारे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद फूलचंद सोनवानी ने किया। इस दौरान आयोजित पंथी नाचा ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पहले दिन कालोनी में शोभायात्रा निकाली गई थी। जिसमें युवकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कल कुसमुंडा में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी वीरेंद्र टंडन, रामलाल जांगड़े, आशीष भार्गव, आशीष आदिले, धर्मेन्द्र, तन्मय सहित सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है। इसी तरह कल सुभाष ब्लॉक कालोनी में भी गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश के श्रम मंत्री लखन देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी अध्यक्ष दूजराम मिलन, सचिव डहारू राम कुर्रे, दुर्गा शंकर, अजय निराला सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है।

## कोयला कामगारों की समस्याओं पर होगी चर्चा

कोरबा। आज सिस्टा और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता मुख्यालय में आयोजित की गई है जिसमें कोयला कामगारों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। खासकर पदोन्नति में रोस्टर नियमों के पालन को जोर-शोर से उठाया जाएगा। पदोन्नति के मामले लटके हुए हैं। उन मामलों पर भी चर्चा होगी। आवासों की लंबित मामले उठाए जाएंगे। क्षेत्रीय कार्यालयों में कोयला कामगारों के आवेदन पड़े रहते हैं। उन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की जाएगी। बैठक में सिस्टा से राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी. खांडे, एस.आर. निराला, सुंदरलाल कोसले सहित सभी एरिया के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# इंतजार में बीती रात, सुबह कारोबारी का शव मिलने पर किया चक्काजाम

### हत्या का संदेह जताया मृतक के परिजनों ने



**कोरबा।** सिल्ली मोड़ पर एक मोबाइल व्यवसायी का रक्तरंजित शव मिलने से परिजन और आसपास के लोग सकते में आ गए। मृतक पिछली रात अपने घर नहीं पहुंचा था। घर के लोगों ने उसके इंतजार में पूरी रात काटी। आज सुबह जब उन्हें खबर मिली तो उनके होश उड़ गए। इस मामले में कारोबारी की हत्या का संदेह जताने के साथ आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। पाली पुलिस मौके पर पहुंची है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड को भी यहां बुलवाया गया है।

कोरबा जिले के पाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिल्ली मोड़ पर यह घटना हुई। खबर के मुताबिक विनय कश्यप 30 वर्ष का शव यहां मिला। निरधी गांव में वह निवास करता था और रतनपुर के हाईस्कूल चौराहे पर एवी मोबाइल शॉप चलाता था। पार्टनर के साथ यह व्यवसाय जारी था। बताया गया कि गुरुवार को दिन भर व्यवसाय करने के बाद रात्रि को उसे नीयत समय पर अपने घर पहुंच जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। परिजनों ने रात्रि 10 बजे तक उसका इंतजार किया। इंतजार के बीच पूरी रात यूं ही बीत गई। पिता चंद्रप्रकाश के द्वारा रात्रि में मोबाइल पर संपर्क किया गया तो वह स्वीच ऑफ मिला। कोई पता नहीं चलने और मोबाइल पर संपर्क नहीं होने से परिजन अनिष्ट की आशंका से घिर गए। यहां-वहां उसके बारे में जानकारी ली गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आज सुबह लोगों ने सिल्ली मोड़ के पास विनय कश्यप का शव देखा। उसके सिर पर चोट के निशान मिले। पास में ही उसका मोबाइल टूटी-फूटी स्थिति में मिला। उसकी बाइक संख्या सीजी-जेड12-9226 भी इस स्थान पर मिली। सिर पर आई चोटों को लेकर स्पष्ट धारणा नहीं बन सकी है लेकिन परिजनों का आरोप है कि रंजिशवश किसी ने उसकी हत्या की है। विनय कश्यप की हत्या का दावा करने और जांच में देरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने रतनपुर-पेण्ड्रा रोड पर चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनों ने पाली पुलिस में भी इस मामले को लेकर जानकारी दी है। बताया गया कि तथ्यों का पता लगाने के लिए अलग-अलग स्तर पर जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर प्रकरण की जांच को लेकर आगे बढ़ा जाएगा।

### वर्षांत से ठीक पहले चुनौती

वर्ष 2024 के अंतिम दिनों में जहां पुलिस के सामने लंबित मामलों को निपटाने की चुनौती है, वहीं इस बीच नई घटनाओं के कारण समस्याएं बढ़ी हैं। मौजूदा घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने अपराध दर्ज किया और जांच शुरू की है। बताया गया कि दिसंबर के महीने में प्राथमिकता इस बात की होती है कि विभिन्न प्रकार के आपराधिक प्रकरणों को निराकृत किया जाए ताकि पेंडेंसी का ग्राफ कम हो। दूसरी ओर पुलिस 31 दिसंबर को होने वाले विभिन्न आयोजनों के शांतिपूर्वक निपटने पर भी रणनीतिक तैयारी में लगी हुई है। उसने अलग-अलग स्तर पर बैठक करने के साथ संबंधितों को निर्देशित किया है कि किसी भी कीमत पर नियम का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

## रंजिश पर दुकानदार और उसके भाई को रिश्तेदारों ने पीटा पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट



### एसपी से मिलकर की गई शिकायत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा क्षेत्र में एक दुकानदार और उसके भाई के साथ रात्रि को जमकर मारपीट कर सिर फोड़ दिया गया। घटना में दोनों व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित पक्ष जब रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस थाना पहुंचा तो वहां उन्हें राहत नहीं मिली बल्कि दूसरे पक्ष को जबरिया महत्व दिया गया। पुलिस के इस व्यवहार को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

बांकीमोंगरा के मुख्य चौराहे पर रात्रि को यह घटना हुई। आसपास के सीसीटीवी कैमरे में इसकी तस्वीरें कैद हुई है जिनमें मारपीट के नजारे को देखकर समझा जा सकता है कि उदय चित्रकार और उसके भाई की किस प्रकार से घेराबंदी की गई और उन्हें यहां से वहां दौड़ाते हुए मारा-पीटा गया। खबर के अनुसार उदय मुख्य मार्ग पर दुकान का संचालन करता है। उसका भाई भी इसमें सहयोगी है। बताया गया कि जमीन से जुड़े एक विवाद को लेकर दुकान संचालक का अपने चाचा और उसके बेटों से तनातनी है। इसी बात को लेकर रात्रि को विवाद की स्थिति निर्मित हुई। कहा जा रहा है कि चाचा और उसके बेटों ने अनावश्यक बहसबाजी करने के साथ उत्पात शुरू किया। बाद में मारपीट शुरू कर दी गई। इस दौरान कई घातक चीजों का इस्तेमाल किया गया जिससे उदय और उसके भाई के सिर से खून निकलने लगा। लगभग बेहोशी की स्थिति में उन्होंने पुलिस थाना पहुंचकर इस मामले की जानकारी देनी चाही। आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें अनदेखा करते हुए मारपीट करने वालों को प्राथमिकता दी और उनकी ओर से रिपोर्ट लिख ली। पुलिस के रवैये से परेशान और आक्रोशित चित्रकार ने पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचकर इस मामले की शिकायत की। वह चाहता है कि मारपीट करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ गैर जिम्मेदार पुलिस पर भी एक्शन हो।

## पसान रेंज में बाघिन का आतंक जारी, सारीसमार में मिला लोकेशन



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में बाघिन का आतंक जारी है। आज सुबह इसका लोकेशन लैंगा सर्किल के पास सारिसमार गांव के निकट मिलने पर वन विभाग व एटीआर की टीम क्षेत्र में पहुंच गई है तथा सारिसमार व आसपास के गांव में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया है। वहीं ट्रेकिंग दल लगातार बाघिन के निगरानी में जुटी हुई है। बताया जाता है कि कल दिन भर बाघिन तनेरा सर्किल के सिंदूरगढ़ पहाड़ में विचरण करती रही। रात होने पर इसने अपना लोकेशन बदला और रामपुर के रास्ते सारिसमार पहुंच गई। यहां पहुंचने से पहले रास्ते में एक बछड़े से सामना होने पर पंजा मारकर उसे घायल करने का प्रयास किया लेकिन बछड़ा किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाने में सफल रहा। बाघिन के आने से ग्रामीणों में काफी दहशत है वहीं वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बाघिन द्वारा संभावित खतरे को टालने में अब तक सफ रहे। जहां-जहां बाघिन का लोकेशन मिल रहा है तत्काल वन विभाग व एटीआर की टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क कर देती है। अचानकमार टाईगर रिर्जव से मरवाही जंगल के रास्ते बाघिन की धमक कटघोरा वन मंडल में हुई है। बाघिन ने पहले पसान रेंज में आंतक मचाया फिर केंदई पहुंच गई। बुधवार की रात केंदई रेंज से फिर वापस पसान पहुंचकर दो दिनों से यहां विचरण कर रही है।

## ट्रेलर की चपेट में आने से एक युवक की मौत, मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना चौक में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार बहादुर सिंह निवासी गोपालपुर चैतमा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर युवक के पेट पर से गुजर गया और मोटरसाइकिल को लगभग 20 मीटर तक घसीटता ले गया।

यह घटना एक बार फिर से इस क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों की ओर ध्यान आकर्षित करती है। दीपका थाना चौक एक अति व्यस्त मार्ग है, जो एसईसीएल गेवरा और दीपका खदानों के लिए एंट्री पॉइंट के रूप में कार्य करता है। यहां से हरदी बाजार, दीपका, बिलासपुर और कोरबा के बीच भारी वाहनों और छोटे वाहनों का लगातार आवागमन होता है। 24 घंटे व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए एसईसीएल और प्रशासन को त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करना





और सड़क पर यातायात नियमों को सख्ती से लागू करना बेहद जरूरी हो गया है। इससे न केवल यातायात का दबाव कम होगा बल्कि लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**कोरबा।** पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के तहत विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण विद्यालय में 20 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें 200 से ज्यादा छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। विद्यालय के प्राचार्य एसके साहू ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्?देश्य छात्राओं को स्वयं की हिफाजत करने में सक्षम बनाना था। अक्सर ऐसी कई घटनाएं सामने आती हैं, जिनसे यह लाजमी हो जाता है कि छात्राओं को बौद्धिक और शारीरिक रूप से परिपक्व होकर खुद की रक्षा करने में समर्थ बनाना होगा।

## 600 लोगों ने कराया प्रकृति परीक्षण बताई गई स्वास्थ्य की स्थिति

**कोरबा।** आयुष मंत्रालय भारत राष्ट्रीय स्तर पर प्रकृति परीक्षण अभियान चला रहा है। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ यह जानकारी दी जा रही है कि उनकी प्रकृति क्या है और उन्हें खानपान से लेकर अन्य मामलों में क्या सावधानी बरतने की जरूरत है।

शिव औषधालय निहारिका कोरबा में अभियान के अंतर्गत 600 लोगों ने अपना प्रकृति परीक्षण कराया। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, आयुष छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ.सुनील दास तथा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ आयुर्वेद यूनानी प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ.संजय शुक्ला के निर्देशन में कोरबा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा कोरबा के मार्गदर्शन में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान कोरबा जिला के समन्वयक डॉ.पवन कुमार मिश्रा एवं सह समन्वयक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा के नेतृत्व में शिव औषधालय निहारीका के प्रधान चिकित्सक, देश का प्रकृति परिक्षण अभियान के सह समन्वयक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने सभीका प्रकृति परीक्षण कर उन्हें उनकी प्रकृतिनुसार आहार-विहार-विचार परामर्श एवं उपचार के विषय में विस्तार से बताते हुये उन्हें उनकी प्रकृति का डिजिटल सर्टिफिकेट भी प्रदान



कीया। अभियान के सह समन्वयक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की जिस तरह से पूरी सृष्टि का निर्माण पंचमहाभूत (आकाश-वायु-अग्नि-जल-पृथ्वी) से हुआ है, उसी तरह हमारा शरीर भी पंचभौतिक (आकाश-वायु-अग्नि-जल-पृथ्वी) है। और जो तीन दोषों वात-पित्त-कफ से हमारी प्रकृति का निर्माण होता है वह दोष भी अलग अलग महाभूतों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस तरह प्रकृति परीक्षण के माध्यम से हम अपनी प्रकृति को जानकर इस पंचमहाभूतात्मक सृष्टि से अपनी प्रकृति अनुसार आहार विहार कर स्वस्थ व आनंदित जीवन जी सकते हैं। शिविर को सफ़ल बनाने में नेत्रनंदन साहू, कमल धारिया, अश्वनी बुनकर, चक्रपाणि पांडेय, अरुण मानिकपुरी, महेंद्र साहू, देवबलि कुंभकार, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, कमला कुंभकार, नेहा कंवर एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सद्गुणों को अपने से जीवन होता है सुखमय : दीपक कृष्णा



**कोरबा।** आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि सद्गुणों को हर दौर में सकारात्मक रहा है और ऐसा करने से व्यक्ति का जीवन सुखमय होता है। कोरबा पुलिस विभाग में पूर्व उप निरीक्षक ग्रहण सिंह राठौड़ द्वारा अपने पूर्वजों की सुख-शांति के लिए किया जा रहा है।

कथा में श्रोताओं को भागवत आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। खरसिया के राठौर भवन में आयोजित चतुर्थ दिवस कथा के दौरान अजामिल ब्राह्मण की कथा का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। आचार्य दीपक शास्त्री ने श्रोताओं को भगवान के नाम की महिमा और सद्गुण अपनाने का महत्व समझाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर धर्म का लाभ ले रहे हैं। भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन के आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। कथा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है, और हर दिन श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है। यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को संस्कार और सद्भावना का संदेश दे रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख राजकुमार राठौर, दीपक राठौड़ ने सभी भक्तजनों से कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## डिप्लोमा इंजी. एसोसिएशन ने अधिवेशन में दोहराया मजबूती का संकल्प



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के अभियंता सदन का लोकार्पण इंजी. एच.सी. राठौर के मुख्य अतिथ्य इंजी. एस.एल. द्विवेदी संरक्षक की अध्यक्षता एवं इंजी. प्रदीप उपाध्याय पूर्व उप प्रांताध्यक्ष इंजी. रामनरेश दुबे उप प्रांताध्यक्ष इंजी. गोरे लाल साहू प्रांतीय उप महामंत्री, इंजी. डी.सी. सोनकर संयोजक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के विशिष्ट आतिथ्य, इंजी. श्रीराम देवांगन अतिरिक्त महामंत्री एवं इंजी. प्रदीप कश्यप अध्यक्ष, इंजी. महेन्द्र घिरें सचिव, इंजी. अलका उपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंजी. संतोष कुमार नायक कोषाध्यक्ष के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

साथ ही अभियंता संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं अभियंता संघ का सत्र 2025 से 2027 तक के पदाधिकारियों का निर्वाचन प्रांतीय पर्यवेक्षक इंजी. श्रीराम देवांगन एवं इंजी. रमेशचन्द्र साहू एवं प्राताध्यक्ष इंजी. एच.सी. राठौर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें इंजी. गोरे लाल साहू अध्यक्ष, इंजी. प्रदीप साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंजी. संतोष कुमार नायक कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए ।

इस अवसर पर इंजी. रामनरेश दुबे, इंजी. अशोक जोगी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, इंजी. ए.पी. शुक्ला कार्यपालन अभियंता नपानि, इंजी. भूषण उरांव, इंजी. एस.एन. साय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, इंजी. जी.एन.एस राठौर, इंजी. प्रकाश चन्द्रा, इंजी. तपन योगी तिवारी, इंजी. राकेश मसीह, इंजी. यशवंत जोगी, इंजी. शेषमणि तिवारी, इंजी. अनिल मोदी, इंजी. सतीश मिश्रा, इंजी. एस.एल. केरकेट्टा, इंजी. एस.एस. रात्रे, इंजी. महारथी अंचल, इंजी. योगेश राठौर, इंजी सीमा साहू एवं जिले के सभी विभाग के समस्त सम्माननीय अभियंतागण विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं सभी अभियंताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन इंजी. अनिल मोदी ने एवं आभार व्यक्त इंजी. गोरे लाल साहू ने किया।

## एसकेएमएस महामंत्री 29 को आएंगे गेवरा

**कोरबा।** एसकेएमएस के एसईसीएल महामंत्री हरिद्वार सिंह का 29 दिसंबर को गेवरा आगमन हो रहा है। इस दौरान वे एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा वे कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर कई समस्याओं पर चर्चा करेंगे। गेवरा एरिया के दीपक उपाध्याय, एल.पी. अघरिया, हरनारायण केशरवानी, कुसमुंडा के अजीत सिंह, कोरबा एरिया के मनीष सिंह, धर्मा राव, सुभाष सिंह, जय मुखर्जी, कृष्णा तिवारी, अशोक परिहार के द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारी की जा रही है।

*कोरबा। कुदमुरा वनपरिक्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। यहां के एलोन सिमकेदा व गीतकुंआरी में अलग-अलग दलों में हाथी विचरण कर रहे हैं। एलोन में हाथियों ने एक ग्रामीण के घर को नुकसान पहुंचाया है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com